# जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



24.6 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

29.0 डिसे

आसमान साफ

तेज धूप बढ़ा पारा

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 95 ● कटनी ● सोमवार,8 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


## पेरू की गोल्ड माइन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 27 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरू की एक छोटी गोल्ड माइन में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई। ये वहां की गोल्ड माइन पिछले दो दशकों में हुआ सबसे बड़ा हादसा बताया जा रहा है। एक बयान जारी कर बताया गया कि हादसा एरिक्विपा में शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ था। माइन की जिम्मेदारी एक प्राइवेट कंपनी को सौंपी गई थी।पेरू दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक देश है। 2022 में जहां सभी माइनिंग हादसों में 38 लोगों की मौत हुई थी, वहीं, इस साल केवल एक हादसे ने 27 लोगों की जान ले ली। पेरू का सबसे बड़ा माइमिंग हादसा 2002 का था जिसमें 73 लोगों की मौत हुई थी।

## » न्यूज गैलरी

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, दो नक्सलियों ढेर भारी मात्रा में हथियार बरामद

■ सुकमा, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सोमवार सुबह डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है। यह मुठभेड़ जिले के भेजी थानाक्षेत्र के दंतेशपुरम इलाके में हुई। खबरों के अनुसार इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। बताया जा यह भी जा रहा है कि मुठभेड़ की जगह पर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। हालांकि इसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि अब भी जवान मौके पर मौजूद हैं।खबरों के अनुसार इस मुठभेड़ में मारे गए दो नक्सलियों में एक नक्सली एलओएस कमांडर 5 लाख का इनामी भी शामिल है। एसपी सुनील शर्मा इस आपरेशन को स्वयं लीड कर रहे थे। बड़ी सूचना के बाद यह आपरेशन निकाला गया था। शनिवार को भी छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ तेलंगाना के चरला थाना क्षेत्र के पुट्टापडू वन क्षेत्र में हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया।नक्सली के पास से एक एसएलआर हथियार भी बरामद किया गया।

### पहलवानों के समर्थन में 11-18 मई तक देशभर में प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा का एलान

■ चंडीगढ़, एजेंसी।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने गत 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहीं महिला पहलवानों के समर्थन में राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का एलान किया है। इसके तहत 11 से 18 मई तक सभी राज्यों की राजधानियों, जिला मुख्यालयों और तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। एसकेएम के नेता दर्शन पाल ने बताया कि पूर्व कार्यक्रम के तहत रविवार को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से एसकेएम के वरिष्ठ नेता, सैकड़ों किसान और महिला किसान जंतर-मंतर पर धरना स्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि एसकेएम का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली पुलिस आयुक्त, केंद्रीय खेल मंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर बृजभूषण शरण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करेगा। 11 से 18 मई तक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दौरान मोदी सरकार के पुतले फूंके जाएंगे।

### सऊदी में NSA अजित डोभाल, अमेरिका ने बनाई चीन को चित करने की रणनीति

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने रविवार को अमेरिका, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्षों से मुलाकात की और पश्चिम एशियाई देशों को भारतीय विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए रेल के माध्यम से जोड़ने और क्षेत्र को समुद्री लेन के माध्यम से दक्षिण एशिया से जोड़ने के लिए व्हाइट हाउस द्वारा पेश किए जा रहे एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव पर चर्चा की। एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित खबर के मुताबिक नई दिल्ली के सूत्रों ने कहा कि डोभाल रविवार की बैठक के लिए सऊदी अरब गए हैं. उम्मीद की जा रही है कि बैठक में शामिल देश दक्षिण एशिया में भारतीय उपमहाद्वीप को पश्चिम एशिया , जिसे अमेरिका मध्य पूर्व कहता है , के साथ बड़े क्षेत्र में रेलवे, समुद्री और सड़क संपर्क बनाने के लिए व्यापक पैमाने पर संयुक्त परियोजना की व्यापक रूपरेखा को लेकर चर्चा की जाएगी.इस खास प्रोजेक्ट की सूचना सबसे पहले अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस ने दी. इसने कहा कि यह उन प्रमुख पहलों में से एक है जिसे व्हाइट हाउस मध्य पूर्व में शुरू करना चाहता है क्योंकि इस क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता जा रहा है. मध्य पूर्व चीन के बेल्ट एंड रोड विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## राजस्थान के हनुमानगढ़ में वायुसेना का मिग-21 क्रैश



# घर पर गिरा फाइटर जेट

## 2 महिलाओं की मौत, पायलट सुरक्षित

■ हनुमानगढ़, एजेंसी।

हनुमानगढ़ में सोमवार सुबह एक मिग-21 फाइटर जेट क्रैश हो गया। फाइटरजेट बहलोल नगर इलाके में एक घर पर गिरा। हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई। एक घायल की स्थिति गंभीर है। पुलिस ने बताया कि पायलट सुरक्षित है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, मिग ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। दोनों पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से निकलने में कामयाब रहे।



आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआत जानकारी के मुताबिक, विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने उसे खेत में क्रैश करने की कोशिश की, जो खेत में ही बने एक मकान पर जा गिरा। दोनों पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से निकलने में कामयाब रहे, लेकिन घर में मौजूद दो लोगों की मौत हो गई है। आगे की जांच की जा रही है। आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। पायलट सुरक्षित है।

# अमृतसर स्वर्ण मंदिर के पास 36 घंटों में 2 धमाके

## मौके से मिलीं संदिग्ध चीजें, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।





चंडीगढ़, एजेंसी।. पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल की हेरिटेज स्ट्रीट पर आज सोमवार सुबह दोबारा धमाका हुआ है. पिछले 36 घंटों में ब्लास्ट होने की यह दूसरी घटना है. शनिवार को करीब 12 बजे सारागढ़ी पार्किंग के पास एक धमाका हुआ था, जिससे एक रेस्टोरेंट के खिड़कियों के शीशे टूटकर सड़क पर आ गए थे और कुछ लोग घायल भी हुए थे. बताया जा रहा था कि आज सुबह करीब छह बजे भी हैरिटेज स्ट्रीट पर धमाका हुआ है. पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। यह धमाका भी सारागढ़ी पार्किंग के आसपास ही बताया जा रहा है. धमाकों की दोनों घटनाओं के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग सहमे हुए हैं. इस बीच पुलिस ने शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए एक एडवाइजरी जारी की. उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर कुछ भी साझा करने से पहले तथ्य की जांच करने का आग्रह किया और कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। सुबह हुए धमाके के बाद पुलिस कमिश्नर नौनिहाल सिंह खुद मौके पर पहुंचे है और बम निरोधक दस्ते को भी सतर्क कर दिया गया है. शहर के सीवर के गटरों का भी मुआयना किया जा रहा है. मौके पर कुछ संदिग्ध चीजें मिली हैं जिनकी जांच फोरेंसिक टीम कर रही. पुलिस की टीम ने डॉग स्क्वॉयड के साथ मौके पर तलाशी ली, इस दौरान बम निरोधक दस्ता भी मौजूद रहा। उधर शनिवार को हुए धमाके की पुलिस की जांच अभी जारी है और पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है. चंडीगढ़ के फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने विस्फोट के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल की छानबीन की है. पुलिस आयुक्त नौनिहाल सिंह ने कहा कि शनिवार को हुए धमाके में पुलिस को अभी फॉरेंसिक विशेषज्ञों से कोई रिपोर्ट नहीं मिली है. उन्होंने कहा कि जब तक हमें उनसे कोई रिपोर्ट नहीं मिलती, हम विस्फोट के पीछे के कारणों का पता नहीं लगा सकते। बताया जा रहा है कि शनिवार को जब यह घटना हुई थी श्रद्धालु और पर्यटक सड़क पर टहल रहे थे. रात करीब 12 बजे सारागढ़ी पार्किंग के पास अचानक विस्फोट होने के बाद लोग उस स्थान की ओर दौड़ पड़े जहां से धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा था. विस्फोट के कारण पार्किंग और उसके पास के एक रेस्टोरेंट की खिड़की का शीशा टूट कर सड़क पर गिर गया. शुरुआत में माना जा रहा था कि धमाका किसी रेस्टोरेंट की चिमनी में हुआ होगा।

# केरल हाउसबोट हादसे में अब तक 7 बच्चों समेत 22 की मौत

■ मलप्पुरम, एजेंसी।

रविवार की शाम केरल में मलप्पुरम जिले में ओट्टुम्पुरम के पास एक हाउसबोट के डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 7 बच्चे भी शामिल हैं। शुरू में 16 लोगों के मरने की सूचना मिली थी, लेकिन देर रात तक चले ऑपरेशन में संख्या बढ़ गई। मिली जानकारी के मुताबिक इस बोट में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 25 यात्री सवार थे। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है। कई लोगों को नजदीकी निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। केरल के मंत्री वी अब्दुराहमान ने लोगों के मरने की पुष्टि करते हुए बताया कि ये हादसा शाम के सात बजे के करीब हुआ। अभी हादसे की वजह का पता नहीं चला है और डूबी हुई नौका को तट तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। पीएम ने ट्वीट किया कि केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना में लोगों की मौत से आहत हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना।अनुग्रह राशि के तौर पर [illegible] से 2 लाख प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रदान किए जाएंगे। हादसा किस वजह से हुआ इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, स्थानीय लोगों के मुताबिक बोट में क्षमता से ज्यादा लोग बिठाए गए थे और उतने लाइफ-जैकेट नहीं थे। इसलिए ऐसा हादसा हुआ।



### बोट को किनारे पर लगाया गया, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

हादसा रविवार शाम लगभग 7 बजे मलप्पुरम जिले के तनूर इलाके में तुवलतिरम बीच के पास हुआ। बोट को किनारे पर लाया जा चुका है। क्षेत्रीय फायर रेंज ऑफिसर शिजु केके ने बताया कि बोट पर सवार लोगों की सही संख्या की जानकारी नहीं मिल सकी है। ऐसे में और भी लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।लोगों ने रस्सियां बांधकर बोट को सीधा करने की कोशिश की, ताकि उसे किनारे पर लाया जा सके। NDRF टीम की अगुआई में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। बोट को पानी से बाहर खींचने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान रेस्क्यू टीम ने पानी से 21 लोगों के शव निकाले।

### सुबह 6 बजे से शुरू हुआ मृतकों का पोस्टमॉर्टम

हादसे में मारे गए 21 लोगों में से 15 की पहचान की जा चुकी है। सुबह 6 बजे से मृतकों के पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। मंत्री वी अब्दुर्रहमान ने बताया है कि अभी तक नाव पलटने की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मणिपुर हिंसा: ट्रेनें बंद, प्लेन से रेस्क्यू, सुको में आज सुनवाई...

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



मणिपुर में भड़की हिंसा ने अबतक 54 से ज्यादा जिंदगियां छीन ली हैं। हिंसाग्रस्त क्षेत्रों से नागरिकों को निकालने का ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा बलों ने सोमवार को भी कुछ देर के लिए कर्फ्यू में ढील दी है। लोग जरूरी सामान खरीदते नजर आए। लोगों को निकालने के लिए महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश ने स्पेशल फ्लाइट्स चलाई हैं। इसके अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड की सरकारों ने भी रेक्स्यू के लिए कदम उठाए हैं। इम्फाल से बाहर निकलने के लिए फ्लाइट्स बेस्ट ऑप्शन हैं। ऐसे में इम्फाल-कोलकाता रूट पर हवाई किराया खासा बढ़ गया है। अगले कुछ दिन के लिए सभी फ्लाइट्स बुक हैं। किराया 30,000 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, मणिपुर हिंसा का मामला सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में उठेगा। कई याचिकाएं शीर्ष अदालत में दायर की गई हैं। मणिपुर हिंसा से जुड़े लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की जद्दोजहद महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश ने स्पेशल फ्लाइट्स अरेंज की हैं। राजस्थान सरकार भी करीब 125 राजस्थानियों को वापस लाने की जुगत में है। मणिपुर से सटे असम, मेघालय और त्रिपुरा ने पहले ही अपने निवासियों को निकालना शुरू कर दिया था। मणिपुर से दूसरे राज्यों के करीब 240 स्टूडेंट्स को रविवार तक बाहर निकाला जा चुका था लेकिन काफी सारे फंसे हैं।इंफाल से बाकी भारत को जोड़ने वाली सड़कें हिंसाग्रस्त इलाकों से होकर गुजरती हैं।

### मानहानि मामले में आज तेजस्वी के खिलाफ सुनवाई

■ अहमदाबाद, एजेंसी।

मानहानि मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आज अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई होनी है। मानहानि की यह याचिका गुजरातियों को ठग कहने के मामले में अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता ने दर्ज कराई है।इस मामले में पहली सुनवाई पिछले हफ्ते 1 मई को हुई थी। कोर्ट ने करीब 5 मिनट तक दोनों पक्षों के बयानों को सुना। इसी बीच डिप्टी सीएम के वकील ने कोर्ट से मोहलत मांगी। इस पर कोर्ट ने 8 मई को अगली तारीख दी थी। वहीं, फरियादी हरेश मेहता के वकील प्रफुल्ल आर पटेल ने सुनवाई के दौरान न्यायालय में सर्वोच्च कोर्ट के फैसला का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है तो उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।

# राहुल ने डिलीवरी बॉय के स्कूटर की सवारी की

## कहा- मोदी जी का रोड शो देखिए, खुद गाड़ी पर चलते हैं, सबको पैदल कर देते हैं

■ बेंगलुरु, एजेंसी।

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राहुल और प्रियंका गांधी रविवार को 7 रैलियां करने बेंगलुरु पहुंचे। राहुल ने अनेकल और पुलकेशी नगर में सभा को संबोधित किया, वहीं प्रियंका ने पहले मूडबिद्री में एक रैली की और फिर महादेव पुरा और बेंगलुरु साउथ में रोड शो निकाला। हालांकि, सुबह पीएम मोदी का भी रोड शो था जिसको लेकर राहुल ने टिप्पणी की और कहा - मोदी जी का रोड शो देखा है न आपने, खुद गाड़ी पर चलते हैं बाकी लोगों को पैदल कर देते हैं।राहुल ने यह बयान देते हुए सीधे कर्नाटक के दो बड़े बीजेपी नेता येदियुरप्पा और बोम्मई का नाम लिया। राहुल ने आगे कहा - हम हर रोड शो और रैली में अपने सभी नेताओं को पूरी इज्जत देते हैं। बेंगलुरु में रविवार को राहुल गांधी ने तमाम डिलीवरी बॉय से मुलाकात की और उनकी परेशानियां जानीं। ये तस्वीर कांग्रेस ने अपने ट्विटर पर शेयर की है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेंगलुरु में गिग वर्कर्स और



डिलीवरी बॉय का काम करने वाले लोगों के साथ डोसा खाया। इस दौरान राहुल ने उन लोगों की जिंदगी के बारे में बातचीत की।

# एनआईए दफ्तर...जे के पुलिस के आवासों पर हमले की प्लानिंग

## लश्कर और जैश रच रहे खतरनाक साजिश, खुफिया एजेंसियों का अलर्ट

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

आतंकवादी संगठन इन दिनों एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की लगातार कोशिश कर रहे हैं. इस बीच केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को चेतावनी दी है कि आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जम्मू-कश्मीर में तैनात अधिकारियों के आवासों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं. साथ ही दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में स्थित एनआईए के कार्यालय को भी निशाना बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं.। बता दें कि इससे पहले, एजेंसियों ने एक इनपुट शेयर किया था, जिसमें बताया था कि बारामुला से कुपवाड़ा, सोपोर और बांदीपोरा की ओर जाने वाले काफिले के मार्गों पर आतंकवादी संगठन द्वश्वष्ठ विस्फोटों को अंजाम देकर सुरक्षा बलों पर हमला करने की प्लानिंग कर रहे हैं. पिछले महीने, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भीमबेर गली-सुरनकोट रोड पर भट्टा डूरियन के पास आतंकवादियों ने एक ट्रक पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे. पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली।



### लगातार घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं आतंकी

यह भी अनुमान लगाया गया है कि हमलावरों को लश्कर द्वारा रसद सहायता प्रदान की गई थी. पाकिस्तान स्थित लश्कर कमांडर रफीक नाई और उसका भाई शमशेर नाई पुंछ के बालाकोट इलाके के रहने वाले हैं. सूत्रों ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने यह भी सूचित किया है कि कुपवाड़ा में तंगधार घाटी में घुसपैठ के लिए पसंदीदा क्षेत्र था, जबकि पुंछ में कृष्णा घाटी जम्मू क्षेत्र में घुसपैठ के लिए पसंदीदा क्षेत्र था.

### राजौरी में पांच जवान हुए थे शहीद

बता दें कि आतंकी घुसपैठ और सेना पर हमले को लेकर इन जम्मू कश्मीर में लगातार खबरें सामने आ रही हैं. राजौरी का केसरी हिल 1990 के दशक में आंतक का गढ़ माना जाता था. यह वही केसरी हिल हैं जहां आतंकियों ने 3 दिन पहले सेना के पांच जवानों को एंबुश लगा कर शहीद कर दिया, जिसमें दूसरे दिन बड़े पैमाने पर सर्च और कोर्डोन लांच कर ऑपरेशन किया गया, जिसमे एक आतंकी ढेर कर दिया और एक जख्मी हुआ था. 2007 में यह इलाका आंतकवाद मुक्त हो गया था. लेकिन एक बार फिर पाकिस्तान द्वारा पीरपंजाल और चिनाब वैली में आंतकवाद को जिंदा करने की कोशिश की जा रही है।

### राजौरी में एक बार फिर दहशत फैलाने की साजिश

1990 में आतंकियों के लिए यह इलाका कश्मीर घाटी तक जाने का पारंपरिक रूट रहा है. 90 के दशक में यह इलाका आतंकियों का एक वक्त गढ़ रह चुका है. 2007 के बाद इस इलाके में पूरी तरीके से शांति बनी हुई थी. लेकिन अब आतंकियों की तरफ से पिछले कुछ समय से एक बार फिर आतंकी वारदात देखने को मिल रही हैं. पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने पीर पंजाल इलाके रजौरी और पूंछ में आतंकवाद को एक बार फिर रिवाइव करने का लिए जिम्मा रफीक नाई उर्फ सुलतान को दिया है, जो की मेंढर का रहने वाला हैं और इस वक्त पीओके में है।

### सुरंगों का हाइटआउट के तौर पर इस्तेमाल

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस इलाके में 8 से 9 आतंकी सक्रिय है. जो अलग-अलग ग्रुप में है. आतंकी जंगलों में अपना ठिकाना छुपने के लिए बनाते हैं. इन घने जंगलों में कई जगहों पर सुरंग हैं, जिनको वह अपने हाइडआउट के तौर पर इस्तेमाल करते हैं. वहीं अब सुरक्षा बल इन आतंकियों की तलाश में इन जंगलों में तलाशी अभियान चला रही है. ताकि बचे हुए आतंकियों का सफाया जल्द से जल्द किया जा सके और इस इलाके में एक बार फिर अमन और शांति का माहौल बन जाए।

# 10 मिनट तक इंडियन एयरस्पेस में रहा पाकिस्तानी विमान, पंजाब में भरी 120 किलोमीटर उड़ान, फिर वापस लौटा मुल्तान

■ लाहौर, एजेंसी।

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) का एक विमान भारी बारिश के कारण लाहौर हवाई अड्डे पर उतरने में विफल रहने पर लगभग 10 मिनट तक भारतीय हवाई क्षेत्र में उड़ता रहा. एक खबर में रविवार को यह जानकारी सामने आई है. 'द न्यूज' की खबर के मुताबिक, मस्कट से चार मई को रात आठ बजे लौटा पीआईए का विमान 'पीके248' भारी बारिश के कारण लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नहीं उतर सका.खबर के मुताबिक, हवाई यातायात नियंत्रक के निर्देश पर पायलट ने आसपास उड़ान भरना जारी रखा और इस दौरान भारी बारिश तथा कम ऊंचाई के कारण वह रास्ता भटक गया. इसके मुताबिक, विमान 13,500 फुट



की ऊंचाई पर उड़ते हुए बधाना पुलिस थाने से भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गया.भारतीय पंजाब के तरनतारन और रसूलपुर शहर से 40 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद विमान वापस लौटा. खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद विमान ने मुल्तान के लिए उड़ान भरी. इसके मुताबिक, विमान ने लगभग दस मिनट तक भारतीय क्षेत्र में कुल 120 किलोमीटर की उड़ान भरी।

# शादी विवाह के सीजन में ट्रेनें फुल, यात्री परेशान, स्पेशल भी नहीं आ रहीं काम

## ट्रेनों में वेटिंग इतनी ज्यादा है कि लाख प्रयास के बाद भी लोगों को कंफर्म टिकट नहीं

**कटनी, यशभारत।** देश का सबसे बड़ा परिवहन नेटवर्क रेलवे है सैकड़ों ट्रेनों के बावजूद आज भी यात्रियों को सीटें उपलब्ध नहीं हो पा रहीं। विशेष तौर पर पर्वों और शादी विवाह के सीजन में आज भी लोगों को सीट उपलब्ध नहीं हो पा रही है। रेलवे प्रशासन को पता है कि त्यौहार और शादी-विवाह के समय लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में कंफर्म टिकट का मिलना असंभव सा हो जाता है। आज हालत यह है कि मध्य प्रदेश समेत कई अन्य प्रांतों से कटनी आने वाली सभी ट्रेन फुल चल रही हैं। ट्रेनों में वेटिंग इतनी ज्यादा है कि लाख प्रयास के बाद भी लोगों को कंफर्म टिकट नहीं प्राप्त हो रहा है। यात्री यहां वहां मारा मारा फिर रहा है। लेकिन रेलवे विभाग का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।



### 9 जून तक शुभ मुहूर्त रहेंगे

वैवाहिक सीजन से बढ़ी परेशानी वैवाहिक सीजन शुरू हो चुका है। 30 अप्रैल से शादी विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू हो चुके हैं। पंचांग के अनुसार 29 जून तक शुभ मुहूर्त रहेंगे। ऐसे में शादी विवाह का आयोजन होता है साथ में लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ज्ञात हो कि गर्मी के समय खास तौर पर शादी विवाह उपनयन संस्कार जैसे बड़े आयोजन हुआ करते हैं। वही गर्मी के दिनों में स्कूलो मे अवकाश घोषित हो जाता है। ऐसे में देश परदेश में रहने वाले लोग घर की ओर चल देते हैं। उन्हें भी कंफर्म टिकट की जरूरत पड़ती है। या यूं कहें कि इस कारण भी भीड़ बढ़ती है।

### रेलवे क्यों नहीं दे रहा ध्यान

अपनी यात्रा के लिए टिकट लेने पहुंचने वाले यात्रियों जब पता चलता है कि सीट फुल होने से कंफर्म टिकट नहीं प्राप्त होगी वह बहुत निराश होते हैं। कई बार ऐसा होता है कि अचानक से प्रोग्राम बनता है उस समय यात्रा के लिए टिकट की जरूरत होती है। लेकिन कंफर्म टिकट प्राप्त नहीं होता। लोगों का कहना है कि त्यौहार के समय रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाती है। लेकिन वैवाहिक सीजन के समय स्पेशल ट्रेन क्यों नहीं चलाई जाती। वहीं लोगों का कहना है कि अगर ट्रेन में एक्स्ट्रा कोच लगाने जैसी व्यवस्था कर दी जाए तो काफी हद तक वेटिंग से राहत मिल सकती है।

### क्या है कटनी से गुजरने वाली व आने वाली ट्रेनों की स्थिति

मध्यप्रदेश के साथ ही देश के अन्य प्रांतों से रीवा आने वाली ट्रेनों की स्थिति लगभग फुल चल रही है। हालत यह है कि रेवांचल एक्सप्रेस, आनंद विहार एक्सप्रेस, रीवा इंदौर एक्सप्रेस के साथ ही अन्य ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं है। उत्तर भारत से आने वाली और मुंबई की ओर जाने वाली हर प्रमुख ट्रेनों में नो रूम अगले दो माह तक बन गया है। मई और जून में छुट्टियां शुरू हो जाती हैं और यही वह समय है जब शादी विवाह के मुहूर्त होते हैं। दूसरे प्रदेशों में कामकाज करने वाले लोग अपने घर वापस आते हैं इन सब कारणों से ट्रेनों में आरक्षण मिलना कठिन हो जाता है।

### स्पेशल ट्रेन चलीं मगर यात्रियों को पता नहीं

रेलवे की मानें तो स्पेशल ट्रेन चलाने से काफी हद तक वेटिंग की समस्या खत्म हुई है लेकिन स्पेशल ट्रेन के बारे में लोगों को जानकारी नहीं हो पाती देखा जाता है कि स्पेशल ट्रेनों में सीटें खाली रहती है बावजूद उसी रूट पर रोजाना चलने वाली रेलगाड़ियों में बर्थ नहीं रहतीं। रेलवे ने इसके लिए कोई ऐसी योजना भी नहीं बनाई है जिससे परंपरागत ट्रेनों में सीट नहीं मिलने पर लोगों को स्पेशल ट्रेनों में शिफ्ट किया जा सके।

### रीवा से चलने वाली ट्रेनों में वेंटिंग 100 से उपर

सभी ट्रेनों में वेटिंग की स्थिति 100 से ऊपर चल रही है। तत्काल टिकट पाने परेशान मुसाफिर रीवा आने वाली किसी भी ट्रेन में पैर रखने की जगह नहीं है। कंफर्म सीट पाने की लालच में लोग रेलवे की तत्काल योजना का लाभ लेने जद्दोजहद करते दिख रहे हैं। लेकिन तत्काल में सीटों की संख्या कम होने की वजह से वहां से भी लोगों को निराशा हाथ लग रही है। दलालों का जमघट तत्काल टिकट में भी दलालों का जमघट देखा जा सकता है। कंफर्म टिकट दिलाने के नाम पर काफी गोरखधंधा चल रहा है। रेलवे काउंटर पर दलाल के गुर्गे फॉर्म लेकर लाइन में लग जाते हैं। लेकिन जब वास्तविक यात्री तत्काल टिकट लेने पहुंचता है और लंबी लाइन देखकर परेशान हो जाता है उस समय दलाल सौदा कर लेते हैं।



# बादल- बूंदाबांदी के बावजूद रहेगी गर्मी

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले के लोगों को फिर करीब हफ्ते भर की राहत के बाद गर्मी सताने वाली है। आज यानी रविवार 7 मई से तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार एक चक्रवातीय परिसंचरण का क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ व इसके आसपास बना हुआ है। इसके प्रभाव से कटनी और इसके आसपास आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे पर पारे में अब उछाल बरकारा रहेगा। कटनी जिले मेंअगले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। वहीं दो दिन बाद से प्रदेश के अधिकांश जिलों में में दिन का तापमान 40 डिग्री को पार करने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार साइक्लोन सर्किल का प्रभाव बिहार और उत्तर प्रदेश के तटवर्ती क्षेत्रों से होते हुए छत्तीसगढ़ तक जा रहा है। शनिवार देर शाम तक अलग-अलग जिलों में आंधी पानी और की घटनाएं हुई हैं। जिससे मौसम में नमी के साथ हवाओं में ठंडक थी पर अब गर्मी अपना असर दिखाएगी। 6 मई से लेकर 16 मई तक साफ सुथरा बहुत गर्म वाला तेज पछुआ हवा वाला रहेगा और 20 मई के आसपास मौसम एक बार फिर से बदलेगा अप्रैल और मई में होने वाली वर्षा कब मानसून पर गहरा असर पड़ेगा क्योंकि यह वर्षा 25 अप्रैल से 5 मई तक पूरे देश में हुई है । जून और जुलाई में कुछ महा चक्रवात बहुत लंबे व्यास में आएंगे जिनकी गति सीमा 140 से लेकर 300 किलोमीटर तक हो सकती है

# लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में विधिक साक्षरता शिविर



**कटनी,यशभारत।** श्रमिक दिवस पर विशेष रूप से साप्ताहिक पखवाड़ा 01 मई से 07 मई तक मजदूरों के मानवाधिकार एवं उनके परिजनों को नालसा सालसा और डालसा संबंधित महत्त्वपूर्ण योजनाओं के तहत अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी एवं अनुज चदसोरिया द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को लेकर जिला विधिक साक्षरता शिविर लगाया जा रहा है । इसी संदर्भ में मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर कटनी जिला सत्र न्यायालय जिला न्यायाधीश धरमिनदर सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी नीलेश कुमार जीरेती के निर्देशानुसार मिराज डायमिकस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में दूर दराज से आए मजदूर शरणार्थियों के बीच पहुंच कर जिला विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से मजदूर भाईयों को मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित श्रमिक कामगारों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को लेकर जागरूक बनें इसके अलावा अपने आसपास क्षेत्रों में जाकर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबर 15100 पर निशुल्क कॉल कर सहायता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। लेबर इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा, कंपनी के प्रबंधक विक्रम हल्दकार, एचआर आशीष श्रीवास्तव, एकाउंटेंट सूरज सोनी प्रशांत अग्रवाल, श्यामलाल राजपूत सहित सभी पदाधिकारियों एवं श्रमिक कामगारों भाईयों की उपस्थिति थी।

# कटनी में छात्राओं ने देखी द केरल स्टोरी



**कटनी, यशभारत ।** कटनी के मित्तल मॉल छात्राओं को फिल्म द केरल स्टोरी दिखाई गई। भाजपा के युवा नेता रुशिल खुराना ने इसका आयोजन किया। छात्राओं ने कहा, स्कूल की लड़कियों को जागरूक करने के लिए फिल्म दिखाई गई है। ये फिल्म एक सजग करने वाला मुद्दा उठा रही है। सामाजिक परिदृश्य को झकझोर देने वाली फिल्म हर वर्ग को ये जरूर देखनी चाहिए। इससे बीते कल में क्या हुआ, ये हकीकत समझने में आसानी होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक दीपक तिवारी, भाजपा युवा नेता रुशिल खुराना, मानसी रुशिल खुराना, सिमरन तीर्थानि, साक्षी अरोरा, पायल गंवानी, गरिमा अरोरा, दिव्या तहलरामनी भी मौजूद रहे।

# सांप को देख घबराए लोग, लक्ष्मी गौसेवा समिति ने सुरक्षित पकड़ा

**कटनी, यशभारत।** मां लक्ष्मी गौसेवा समिति के सदस्यों को सूचना मिली की धंती बाई स्कूल के पीछे गुप्ता जी के यहाँ एक सांप निकला है। समिति के सदस्यों ने वहां पहुंच कर देखा तो वास्तव में यहां धामन प्रजाति का सांप बैठा था। इसकी लंबाई लगभग 5 से 6 फुट होगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह सांप के काटने की में उग्र नहीं होता यह शांत स्वभाव का होता है यह जहरीला नहीं होता लेकिन तेजी से भागता है। इससे कई बार लोग इसे नागिन भी समझ कर मार देते हैं। सांप को सुरक्षित पकड़ कर जंगल में छोड़ा गया मां लक्ष्मी गौ सेवाा समिति ने सभी से आग्रह किया है कि अगर आपके घर यहां अन्य कोई रहवासी स्थल पर कोई सांप, गुहेटी, जहरीले जीव जंन्तु निकले तो उसे मारे नहीं समिति को सूचना दें ताकि उसे सुरक्षित पकड़ कर जंगल में छोड़ा जा सके इससे लोगों की और जीव जंतु की भी जीवन रक्षा हो सकेगी। यह सेवा पूर्णतः निशुल्क है। समिति ने वाट्सग्रुपों के माध्यम से भी एक सूचना सार्वजनिक की है जिसमें समिति से संपर्क के लिए जानकारी दी गई है।





# प्रदेश में दायित्व मिलने पर मीरा भार्गव का सम्मान

**कटनी, यशभारत।** सुदर्शना संस्था की संस्थापक अध्यक्ष, संस्कार भारती कटनी इकाई की कार्यकारी अध्यक्ष सुश्री मीरा भार्गव को अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा मध्य प्रदेश की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर संस्कार भारती के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा भावभीना स्वागत किया गया । सुश्री भार्गव ने सभी के स्नेह के प्रति अपना आभार प्रगट किया संस्कार भारती संस्था कटनी के पदाधिकारियों द्वारा भार्गव के घर पहुंच कर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया। अवसर पर संस्कार भारती संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रंजना उमा बहरे, संरक्षक दिनेश पाण्डेय, महामंत्री अशोक तिवारी, कोषाध्यक्ष श्रीमती हीरामणि बरसैंया, सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव, संगीत विद्या प्रमुख श्रीमती अनीता सिजारिया उपस्थित रहीं ।

## ज्योतिष के अनुसार इस महीने को बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण माना गया

# विवाह-मुंडन से लेकर नामकरण आदि के लिए बेहद शुभ तिथियां, अभिजीत मुहूर्त

**कटनी, यशभारत।** मई का महीना शुरु हो गया है और ज्योतिष के अनुसार इस महीने को बहुत ही शुभ और महत्वपूर्ण माना गया है। जीवन में किसी तरह की नई शुरुआत करने जा रहे हैं, नया काम या अनुष्ठान का आगाज़ हो रहा है तो बेशक मई का महीना आपके सारे कामों में सफलता लाएगा, अथवा जीवन में सुख, शांति तथा समृद्धि का संचार बनाए रखेगा। हिंदू धर्म में मुहूर्त, सही समय देखकर कोई भी नए शुभ काम की शुरुआत करने का गहरा महत्व होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बताई गई तिथी और मुहूर्त के आधार पर काम करने से सभी जातकों के जीवन की बाधाएं, कठिनाइयों और नकारात्मकता का नाश हो जाता है। मई माह में अगर आपके यहां भी शादी-ब्याह, मुंडन, नामकरण, गृहप्रवेश आदि जैसे शुभ काम होने जा रहे हैं, यहां आप देख सकते हैं इस माह के मुहूर्त और तिथि।

| तारीख | शुभ मुहूर्त | नक्षत्र | तिथि |
|---|---|---|---|
| 3 मई 2023 | बुधवार | हस्त | त्रयोदशी |
| 6 मई 2023 | शनिवार | अनुराधा | द्वितीय |
| 8 मई 2023 | सोमवार | मूल | चतुर्थी |
| 9 मई 2023 | मंगलवार | मूल | चतुर्थी, पंचमी |
| 10 मई 2023 | बुधवार | उत्तराषाढ़ा | षष्ठी |
| 11 मई 2023 | गुरुवार | उत्तराषाढ़ा | षष्ठी |
| 15 मई 2023 | सोमवार | उत्तरा भद्रपदा | एकादशी, द्वादशी |
| 16 मई 2023 | मंगल | उत्तरा भद्रपदा, रेवती | द्वादशी, त्रयोदशी |
| 20 मई 2023 | शनिवार | रोहिनी | प्रतिपदा, द्वितीय |
| 21 मई 2023 | रविवार | रोहिनी, मृगाशिरा | द्वितीय, तृतीय |
| 22 मई 2023 | सोमवार | मृगाशिरा | तृतीय |
| 29 मई 2023 | सोमवार | उत्तरा फाल्गुनी | नवमी, दशमी |
| 30 मई 2023 | मंगलवार | हस्त | दशमी, एकादशी |

## 4 माह नहीं हैं कोई शुभ मुहूर्त

मई जून में विवाह इत्यादि के लिए शुभ मुहूर्त हैं लेकिन जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर में कोई शुभ दिन उपलब्ध नहीं है, क्योंकि देव जून में देव सो जाएंगे। नवंबर और दिसंबर में विवाह के शुभ मुहूर्त हैं। नवंबर 2023 विवाह मुहूर्त ~23, 24, 27, 28 और 29 नवंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं यानी कुल 5 शुभ दिन उपलब्ध हैं। दिसंबर 2023 विवाह मुहूर्त ~5, 6, 7, 8, 9, 11 और 15 दिसंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त हैं यानी कुल 7 शुभ दिन उपलब्ध हैं। इस कारण यह मुहूर्त काफी महत्पमूर्ण हैं।

# उत्साह के बीच महंगाई का करंट भी इस बार



शादी-विवाह का मुहूर्त शुरू हो चुका है। बैंड-बाजों, ढोल-ढमाकों और शहनाइयों की आवाज सुनाई पड़ने लगी हैं। कहीं तैयारियां पूरी हो गई हैं, तो कहीं तैयारी शुरू हो रही हैं। उत्साह के बीच महंगाई का करंट भी इस बार शादी-विवाह के सीजन में लगने की संभावना है। सम्पन्न वर्ग तो इसकी बहुत फिक्र नहीं कर रहा, लेकिन मध्यम वर्ग के लोग अपनी जरूरतों को इस बार कम करने पर विचार कर रहे हैं।इस वैवाहिक सीजन में बैंड-बाजा, बाराती का स्वागत, साज-सज्जा, वस्त्र, आभूषण आदि सभी तरह की चीजों के दाम बढ़े हुए हैं। यानी शादी के फेरे पूरे होने तक हर सामान में महंगाई का फेरा है। बात दूल्हा-दुल्हन के सजने-संवरने की हो या खाद्य सामग्री की, सब महंगी हो गई है। विवाह की तैयारी करने वाले बता रहे हैं कि दो साल पहले के दामों से तुलना करें तो शादी-विवाह की सामग्रियों की कीमतों में इस बार 15 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई है। मध्यम वर्ग के बाराती और घरातियों को महंगाई के कारण जरूरतों में थोड़ा कटौती करना पड़ रही है। लग्न और मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए बाजार भी तैयार हैं। बाजार में इस बार पहनावे से लेकर लुक को अलग अंदाज देने की कवायद शुरू हो चुकी है। हाईटेक सैलून हो या कपड़े की दुकान, सभी जगह ग्राहकी बढ़ने लगी है। दूल्हा-दुल्हन भी सबसे अलग दिखने के लिए पहनावा पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। इस सीजन में लग्न अपेक्षाकृत कम हैं। इस वजह से है कारोबारी चिंता में हैं। वस्त्र-आभूषण के कारोबार पर तो इससे बहुत फर्क नहीं पड़ना, लेकिन कैटरिंग, बैंड, टेंट, पार्लर-मेंहदी आदि के काम से जुड़े लोग दुविधा में हैं।

# मिशन चौक फ्लाईओव्हर ब्रिज में सेफ्टी के लिए लगाई गई फाइबर सीट और बिजली पोल उखड़े



**कटनी, यशभारत।** कुछ माह पहले ही शहर वासियों को अब रेल लाइन सागर पुल के नीचे दोनों ओर सड़क पर लगने वाले लंबे जाम से निजात मिल गई। ओव्हर ब्रिज बनने के बाद काफी हद तक जाम से निजात मिली लेकिन ब्रिज के बनने के बाद से ही लोग इसे खतरनाक ब्रिज मान रहे थे। इसी लिहाज से चूंकी ब्रिज में फुटपाथ नहीं है लिहाजा ब्रिज के दोनों ओर सेफटी के लिए फाइबर की सीट लगाई गई ताकि कोई भी यहां से न गिर से न कूद सके लेकिन ब्रिज के ठीक उपर एक बड़े हिस्से की यह फाइबर वाल सीट उखड़ गई। अब यहां से होकर गुजरने वाले रूक कर कहीं फोटो ले रहे तो कहीं उपर से नीचे का नजारा देख रहे जो किसी भी दिन बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। दोपहिया वाहन चालक तब इस हिस्से से होकर गुजरते हैं तक भी उनकी जान सांसत में रहती है। दुख इस बात का कि इस पर अब तक किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं है। इस फाइबर सीट के साथ यहां लगे बिजली के दो पोल भी उखड़ कर खतरनाक रूप से झुक गए लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी यह सही नहीं हो सके।

आपको बता दें कि कटनी में प्रदेश का सबसे ऊंचा आरओबी बनकर तैयार हो गया तब लोगों को सौगात मिली, मुख्यमंत्री ने इसका शुभारंभ किया था। इसकी लंबाई 1433 मीटर यानि लगभग डेढ़ किमी है। इतना ही नहीं इस रेल ओवर ब्रिज को प्रदेश का सबसे ऊंचा रेल ओवरब्रिज होने का दावा किया है। इसकी ऊंचाई 18.4 मीटर है। कटनी प्रशासन का दावा था कि इस ब्रिज के बनने के बाद शहर के ट्रैफिक को राहत मिली है और वाहनों को आसानी से चलाया जा सकेगा। बता दें कि नव निर्मित मिशन चौक रेलवे ओवर ब्रिज 85 करोड़ 49 लाख 45 हजार रूपए की लागत से बना है। इसको प्रदेश का सर्वाधिक ऊंचा ब्रिज होने का गौरव हासिल है। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण सेतु संभाग के अनुसार यहां रेलवे द्वारा प्रदेश का पहला ग्रेड सेपरेटर बनाया जा रहा है, इसलिए इसकी क्लियरिंग देने के लिए ब्रिज की ऊंचाई बढ़ाई गई है। ब्रिज के निर्माण में इंजीनियरिंग की अत्याधुनिक तकनीक और सामग्री का प्रयोग किया गया है।

## 48 पिलर पर खड़ा 1433 मीटर लंबा ब्रिज

ब्रिज पर शोर में कमी के लिये नोइज बैरियर लगाया गया है। 48 पिलर पर खड़े इस रेलवे ओवर ब्रिज कम फ्लाई ओवर की बरगवां से चांडक चौक तक कुल लंबाई 1433.51 मीटर है। ब्रिज की भार वाहन क्षमता 70 टन हैं। ब्रिज में कुल 47 स्पॉन हैं, जिसमें 51-51 मीटर के दो ऐसे स्पॉन हैं, जिनके एक गर्डर का वजन डेढ़ सौ टन और ऊंचाई तीन मीटर हैं। इसका निर्माण लोक निर्माण सेतु संभाग जबलपुर ने किया है। वहीं, अगले तीन साल तक यानी 31 मार्च 2025 तक इसका मेन्टीनेंस कार्य संबंधित ठेकेदार द्वारा ही किया जायेगा। इस रेलवे ओवर ब्रिज के बन जाने से कटनी के लोगों को सागर पुलिया पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की झंझट से मुक्ति मिली , आवागमन सुगम हुआ और शहर का ट्रैफिक सिस्टम बेहतर होने में मदद मिली इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 08 मई 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# चार महीने से नहीं मिला हजारों अतिथि शिक्षकों को वेतन

## शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते आर्थिक संकट से जूझ रहे अतिथि शिक्षक, अप्रैल में सेवाएं भी समाप्त

यश भारत **खास खबर**

कटनी/रीठी, यशभारत। जिले के अतिथि शिक्षक एक बार भी फिर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही सामने आ रही है। आलम यह है कि अतिथि शिक्षकों को कई माह से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है और शिक्षण सत्र समाप्त होने के बाद अब उनकी सेवाएं भी समाप्त हो गई हैं। अतिथि शिक्षकों को दिसम्बर के महीने से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। अनेकों वर्षों से अल्प वेतन पाकर अपनी सेवाएं दे रहे अतिथि शिक्षक अब भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।



बताया जाता है कि अप्रैल माह के अंत में शिक्षण सत्र समाप्त होने के बाद सेवाएं समाप्त होने के बाद पुनः नए सत्र के बाद फिर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। अल्प वेतन पाकर भी अतिथि शिक्षक नौनिहालों की शिक्षा का जिम्मा उठाए हुए हैं। लगभग एक दशक से अधिक समय से अतिथि शिक्षक कम वेतन में ही जीविकोपार्जन कर रहे हैं। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि सरकार उन्हें नियमित भी नहीं कर रही और वेतन भी कम मिल रहा। दिहाड़ी की तरह मजदूरों की भांति इनको 5 से 9 हजार के बीच वेतन दिया जा रहा है, जबकि इससे कई गुना वेतन ज्यादा पाने शिक्षक राजनीति में व्यस्त हैं। भविष्य की आस को लेकर बेचारे अतिथि शिक्षक भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इस पर भी अगर इन अतिथियों को समय पर वेतन नही मिले तो इनके परिवार की जरूरतें कैसे पूर्ण होगी। बहरहाल शादियों के इस सीजन, घरेलू व महती अन्य जरूरतों आदि की पूर्ति भला कैसे ये अतिथि शिक्षक जूझ रहे होंगे। सरकार का इनकी ओर कोई ध्यान नही है। जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी सहित जिले भर के अतिथि बीते दिसंबर से बिन वेतन कैसे गुजारा कर रहे हैं। 4 माह से इन्हें सरकार द्वारा वेतन नहीं दिया गया है जबकि इन्हें अप्रैल माह के बाद घर बैठा दिया गया है। इन सब स्थितियों के बीच विभागीय अधिकारी भोपाल से वेतन नहीं होने की बात कह रहे हैं।

### इनका कहना है

जनपद शिक्षा केन्द्र रीठी में पदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल चक्रवर्ती का कहना है कि हमारे द्वारा अतिथियों के वेतन का प्रपोजल बिल आदि जिला मुख्यालय से लेकर भोपाल तक भेजा गया है, जब शासन से राशि जारी की जाएगी तो इनका वेतन जारी किया जा सकेगा।



# सड़क पर वाहन खड़े करने पर होगी चालानी कार्रवाई

**विजयराघवगढ़ में फ्लैग मार्च निकालकर पुलिस ने दी समझाईश**

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** नगर में कानून व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस ने नगर के मुख्य मार्ग में फ्लैग मार्च निकाला। विगत दिनों आकस्मिक निरीक्षण में पहुंचे पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के सख्त निर्देशन के परिपालन में थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल के मार्गदर्शन में नगर के मुख्य मार्गों में विजयराघवगढ़ पुलिस बल का समूचा स्टाफ थाना से संकट मोचन चोंक से मेंन बाजार अंधमोड आजाद चोक तक फ्लैग मार्च में चलते हुए समस्त व्यापारियों व वाहन चालकों को यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने व कानून व्यवस्था का पालन करने की समझाइश देते हुए कानून व्यवस्था का पालन नहीं करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। व्यापारियों को वाहन सड़क पर खड़ा नहीं करने, यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की समझाइश दी। किसी भी प्रकार की पुलिस की सहायता की जरुरत पड़ने पर तुरन्त पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा गया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल, उपनिरीक्षक विनोद कांत सिंह, विनोद सिंह, आरक्षक कमलेश बैरागी, पप्पू प्रजापति, नीलेश पटेल, नितेश पटेल, मज्जू कोल, अमित शाह, अटल सहित थाना स्टाफ व चालक गुड्डू मिश्रा की उपस्थिति रही।

# उमरियापान में अब तक नहीं बना बस स्टैंड, सुविधाएं भी नहीं

**गर्मी और बारिश से बचाव के इंतजाम नहीं, घोषणाओं के बाद भी योजना का अब तक नहीं क्रियान्वयन**

**कटनी/उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान में बस स्टैंड निर्माण नही होने से मुसाफिरों को गर्मी के इस मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य मार्केट झंडा चौक में तीनों दिशाओं में बसें कड़ी होने से नगरवासियों सहित आम जनता को रोजाना कई बार भारी जाम से सामना करना पड़ता था। जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने कुछ वर्ष पूर्व नगर के न्यू बस स्टैंड मोहल्ला में अतिक्रमण हटाकर अस्थायी रूप से बस स्टैंड बनाया गया है, जहां बसें रूकती हैं।



लेकिन यात्रियों के लिए आज भी किसी प्रकार की कोई भी सुविधाएं नहीं है। गर्मी में धूप और बारिश में खुले में खड़े होकर यात्रियों को बसों का इंतजार करना पड़ता है। क्षेत्र के नागरिकों के साथ ही यात्रियों द्वारा पिछले काफी समय से बस स्टेंड के विकास और मूलभूत सुविधाओं की मांग की जाती रही है लेकिन इस ओर आज तक ध्यान नहीं दिया गया। जिसके परिणामस्वरूप रोजाना सैकड़ों यात्रियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 1993 में रखी गई थी बस स्टेंड की आधारशिला

नगरवासियों ने बताया कि 1993 में तत्कालीन एसडीओ अजीत केशरी ने उमरियापान में बस स्टैंड की आधारशिला रखी थी। बस स्टैंड की जमीन आज भी अतिक्रमण की चपेट में हैं, जिससे उमरियापान सहित आसपास के ग्रामीणों को बस स्टैंड की सुविधा मिलना मुश्किल लग रहा है।उमरियापान में बस स्टैंड के लिए पर्याप्त जमीन न मिलने से करीब दो किलोमीटर दूर बम्हनी और महनेर गांव के बीच में प्रशासन ने बस स्टैंड निर्माण के लिए जमीन का जायजा लेकर नापजोख करवाई और वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी भेजी। नगवासियों का कहना है कि दो किलोमीटर दूर बस स्टैंड बनने से नगर के यात्रियों को कहीं सफर में जाना पड़े तो 15 से 20 रुपये ऑटो रिक्शा का किराया देना पड़ेगा और हर यात्री बम्हनी और महनेर गांव के बस स्टैंड पहुंचेगा। बस स्टैंड की सुविधा को लेकर जनप्रतिनिधियों, नेताओं और अधिकारियों ने इस ओर कोई कदम नहीं उठाएए जिसके चलते आज भी क्षेत्र के ग्रामीणों को बस स्टैंड नसीब नहीं हुआ है।

### 2016 में सीएम ने की थी घोषणा

साल 2016 में लोकसभा उपचुनाव के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरियापान को नगर परिषद बनाने और सुव्यवस्थित बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की थी, तब से लेकर आज तक ग्रामीण इन सौगातों को पूरे होने की आस लगाए हैं, लेकिन कोई भी सुविधा नहीं मिल सकी। मुख्यमंत्री की उमरियापान में बस स्टैंड बनाए जाने की घोषणा को पूरा करने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने आयुक्त सह संचालक पंचायत राज संचालनालय भोपाल को पत्र लिखकर उक्त बजट आबंटन प्रदान करने की मांग की है। जिसके बाद क्षेत्रवासियों को उम्मीद तो जागी है कि बस स्टैंड निर्माण होगा लेकिन कब तक होगा यह भगवान भरोसे ही नजर आ रहा है।

## किसानों को अब तक 63 करोड़ रूपए का भुगतान

**कटनी, यशभारत।** रबी विपणन वर्ष में कृषकों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जिले के समस्त उपार्जन केन्द्रों में निरंतर जारी है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया की 5 मई की स्थिति में 12 हजार 468 कृषकों द्वारा 83 हजार 536 मेट्रिक टन गेहूं विक्रय किया गया है, जिसमे 63.65 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही अब तक 19 हजार 515 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने कृषकों से कहा है कि वे अपने स्लॉट की बुकिंग पर कर सकते हैं। जिले में 85 गेहूं उपार्जन केन्द्र क्रियाशील हैं, जहां पर कृषक बंधु अपनी फसल का विक्रय स्लॉट बुकिंग की निर्धारित समयावधि में कर न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# डिंडौरी को 4 विकेट से हराकर कटनी सेमीफाइनल में

**हर्ष मंगलानी का शानदार अर्धशतक, पुष्पेन्द्र सिंह की घातक गेन्दबाजी**

**कटनी, यशभारत।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में खेले जा रहे अंडर 22 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में डिंडोरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाए। कटनी की ओर से पुष्पेन्द्र सिंह ने 3, देवांश नानकानी ने 2, सचिन यादव ने 2 एवं हिमांशु दहिया ने 2 विकेट लिए। जबाव में कटनी ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। इस प्रकार कटनी ने 6 विकेट से विजय प्राप्त की। कटनी की ओर से हर्ष मंगलानी ने 60 रन, पुष्पेन्द्र सिंह ने 59 रन, आदित्य चौधरी ने 22 नाबाद रन बनाये। आज सेमीफाइनल मैच छिंदवाड़ा के साथ खेला जाना है। कटनी की शानदार जीत के लिए विधायक संदीप जायसवाल, आर पी सिंह, सत्यदेव चतुर्वेदी, राजेश डेविड, विभाष पाटिल, संजय गिरी, रमन सेठी, राजेश पटेल, संदीप बक्श, एम बनर्जी, ब्रजेश बनाफर, विनीत बघेल, विकास रजक, कपिल मिश्रा, हरिशंकर बाजपेयी, मुकेश कृपलानी, उत्पल चटर्जी, एस सेन गुप्ता, तनुप सरकार, शिवनारायण खम्परिया, बंटी दास, राजू बरसैन्या आदि ने बधाई दी।



# बच्चों को मोबाइल की बजाय जिनवाणी से दी जा रही नैतिक व धार्मिक शिक्षा



**श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में सर्वांगीण विकास पर फोकस**

**कटनी, यशभारत।** आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक श्रमण 108 सुधासागर महाराज की प्रेरणा से श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के व्याख्याता स्वाध्याय सारथी विद्वतश्री अंकित जैन शास्त्री राहतगढ़, विद्वतश्री आदर्श शास्त्री जबलपुर एवं विद्वतश्री देवेन्द्र जैन शास्त्री नोहटा द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बच्चों से लेकर बड़ों तक को धार्मिक, नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सर्वांगीण विकास की शिक्षा दी जा रही है। बच्चों के हाथों में मोबाईल की बजाय जिनवाणी से जैन धर्म के विभिन्न ग्रन्थों का अध्ययन करवाया जा रहा हैं। बच्चों को धार्मिक ग्रंथ पुस्तकें, पेन, कॉपी, बैग इत्यादि दी गई हैं। प्रातः 8 बजे सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पूजन प्रातः साढ़े 8 बजे से बड़ों के लिये पूजन अर्थ की कक्षा एवं बच्चों के लिए आचार्य मानतुंग स्वामी द्वारा रचित भक्तामर की कक्षा एवं बच्चों के लिए जैन धर्म की प्रारंभिक शिक्षा के भाग 1, 2, 3 दोपहर 2:30 बजे से रूंगा बगीचा में द्रव्यसंग्रह एवं बड़े मंदिर में तत्वार्थ सूत्र की कक्षा एवं रात्रि 7 बजे से सामूहिक आरती एवं कल्याण मंदिर का पाठ होता है तथा बच्चों को छहढाला का अध्ययन। रात्रि 8 बजे नैतिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व विकास के सूत्र सभी वर्गों के लिए विशेष उद्बोधन देश विदेश में ऑनलाइन धार्मिक शिक्षण प्रदान करने वाले पृच्छना स्वाध्याय यूटूब चैनल के संचालक विद्वत्श्री अंकित जी शास्त्री द्वारा प्रदान किया जा रहा है। साथ ही आदरणीय स्थानीय विद्वान विकास शास्त्री का सहयोग प्राप्त हो रहा है। जिनेन्द्र देव का दर्शन ही सर्वसुखदायी है। जिनेन्द्र भगवान के दर्शन से पाप कर्म का संवर, अशुभ कर्मो का क्षय होता है। अतिशय पुण्य का आस्त्रव और बंध होता है तथा अनंत सुख की प्राप्ति होती है। अतः प्रतिदिन दिन की शुरूआत हमें देव दर्शन से करना चाहिए।

## वेयर हाऊस से लिए चावल के नमूने, जांच करने पहुंची टीम, होगी कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** अन्नपूर्णा वेयरहाउस एवं शुभकामना वेयरहाउस में रखे चावल के सम्बंध में जिला प्रशासन को टूटे हुये चावल कनकी पाये जाने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर अब तक 78 नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। चाका स्थित अन्नपूर्णा वेयरहाउस और लमतरा स्थित शुभकामना वेयरहाउस के इन नमूनों की रिपोर्ट मिलने के बाद जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जायेगी। जांच के दौरान प्रथम दृष्टया स्टेक में रखे फोर्टिफाइड चावल में टूटे हुये चावल कनकी की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक पाए जाने पर गोदाम में 1 लाख 20 हजार 377 बोरी में 60 हजार 214 क्विंटल 85 किलो चावल को डबल लॉक में सुरक्षित गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य विभाग सहित सहायक गुणवत्ता निरीक्षकों की टीम द्वारा निरंतर जांच जारी रखते हुए भंडारित चावल के पृथक-पृथक स्टाकों में से शुभकामना वेयरहाउस से 57 नमूने तथा अन्नपूर्णा वेयरहाउस से 21 नमूने कुल 78 नमूने लिए जाकर जांच हेतु गुणवत्ता निरीक्षक को भेजे गए है। एस डी एम प्रिया चंद्रावत ने बताया की भेजे गए नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने विजयराघवगढ़ में चला अभियान



**विजयराघवगढ़, यशभारत।** मुख्यमंत्री स्वच्छता महा अभियान को लागू करने नगर में जमीनी टीम को प्रोत्साहन हेतु कलेक्टर के निर्देश का शत प्रतिशत पालन कर स्वच्छता संवाद के आयोजन में मिले मार्गदर्शन अनुसार उक्त महा आयोजन नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल के आदेश अनुसार स्वछता महा अभियान को पूर्ण करने जमीनी टीम को प्रोत्साहन हेतु कलेक्टर के निर्देश का शतप्रतिशत पालन कर स्वछता सम्वाद के आयोजन में मिले मार्गदर्शन अनुसार उक्त महा आयोजनके संचालन में नागरिकों का भी सहयोग अपेक्षित रहेगा। जिसके परिपालन में नगर परिषद विजयराघवगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से अभियान को सफल बनाने कोई कसर नही छोड़ रहे।

**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

**आवश्यकता है**

शोरूम में कार्य करने के लिए सेल्सगर्ल (लड़कियों) की आवश्यकता है। अनुभवी एवं पढ़ी लिखी लड़कियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संपर्क- शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
समय-सुबह 11 से 7 बजे तक
मो. 9009767272

### नाम सुधार सूचना

मैं वीर भान आहूजा पिता श्री राजलदास आहूजा निवासी कैरिन लाईन आचार्य कृपलानी वार्ड मुरवारा कटनी तहसील व जिला कटनी मप्र निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मुझ शपथकर्ता के पासपोर्ट में मेरा नाम वीरभान और पिता का नाम राजलदास दर्ज है। यह कि मुझ शपथकर्ता के आधारकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम वीर भान आहूजा और पिता का नाम राजलदास आहूजा दर्ज है। यह कि मैं वीर भान और वीर भान आहूजा ये दोनों नाम मुझ शपथकर्ता के ही नाम है। इसी तरह राजलदास और राजलदास आहूजा ये दोनों नाम मुझ शपथकर्ता के पिता के ही नाम है। यदि मुझ शपथकर्ता को लेकर भविष्य में कोई वाद विवाद होता है इसकी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। मुझ शपथकर्ता को वीर भान आहूजा पिता श्री राजलदास आहूजा के नाम से जाना और पहचाना जावें तथा सम्पूर्ण दस्तावेजों में दर्ज किया जायें जिस आशय का शपथपत्र मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया है। जो कि मेरी जानकारी में सत्य एवं सही है।

दिनांक. 05.05.2023

सत्यापनकर्ता - बी. डी. सिंह राठौर अधिवक्ता, नोटरी, जिला कटनी, म.प्र.

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज




05 मई से रोजाना 4 शो
12.30 PM (AUDI-2)
03.30 PM (AUDI-2)
06.30 PM (AUDI-2)
09.30 PM (AUDI-2)

PRICE LABLE
RECLINER....300
GOLD.............200
Silver.............150

द केरला स्टोरी

कलाकार- अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बालानी आदि।

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**
ऑल इंडिया रिलीज




05 मई से रोजाना 4 शो
01.00 PM-2D (AUDI-1)
04.00 PM-3D (AUDI-1)
07.00 PM-3D (AUDI-1)
10.00 PM-2D (AUDI-1)

GAURDIANS OF THE GALAXY VOL-3 (HINDI)

PRICE LABLE
PLATINUM ...250
GOLD.............200
Silver.............150

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



# मध्य प्रदेश के मंत्री हरदीप सिंह डंग की डीपी लगाकर ठग वाट्सएप पर मांगने लगा रुपये

**मंदसौर यशभारत।** अभी तक हैकर फेसबुक की आइडी हैक कर लोगों से रुपये मांग रहे थे पर अब वाट्सएप भी सुरक्षित नहीं रहा हैं। शनिवार को कैबिनेट मंत्री हरदीपसिंह डंग की डीपी लगाकर सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में कई लोगों को वाट्स एप पर मैसेज भेजे गए। और किसी से 30 हजार, किसी से 20 हजार तो किसी से 10 हजार रुपये की मांग की गई। हालांकि अब इस तरह की बहुत घटनाएं होने से लोग सतर्क तो हैं फिर भी कुछ लोग इनके जाल में फंस ही जाते हैं। अकेले हरदीपसिंह डंग ही नहीं इस क्षेत्र के दूसरे नेताओं की डीपी लगाकर भी इस तरह के मैसेज भेजे गए। बाद में डंग ने इसकी शिकायत साइबर सेल में भी की हैं।



मध्य प्रदेश के मंत्री का फोटो वाट्सएप पर लगाकर ठग मांग रहे रुपये

### विधानसभा क्षेत्र के कई लोगों को आया मैसेज

जानकारी अनुसार शनिवार को सुबह से ही सुवासरा विस क्षेत्र के शामगढ़, सुवासरा व सीतामऊ क्षेत्र के कई लोगों को हरदीपसिंह डंग व अन्य नेताओं के फोटो वाली डीपी लगे नंबर से वाट्सएप पर मैसेज आए। इसमें वही हैकर्स की पुरानी स्टाइल में ही क्या कर रहे हो, अभी रुपये की जरुरत हैं इस नंबर पर फोन पे कर दो, जैसे मैसेज देखकर लोग तो सतर्क हो गए। शामगढ़ के निवासी विक्रम सिसौदिया ने बताया कि मोबाइल नंबर 9692280326 से आए मैसेज में 30 हजार रुपये की मांग की गई है। जब उससे बात की तो 30 हजार रुपये एक नए नंबर 9307962795 पर फोन पे के करने का बोला।

### आफिस अटेंडर का फोटो लगाकर भी मांगे पैसे

जिस नंबर से मैसेज आया उसकी डीपी पर मंत्री हरदीपसिंह डंग के साथ ही उनके आफिस अटेंडर रोहित का फोटो लगा था। विक्रमसिंह ने पूरी जानकारी मंत्री हरदीपसिंह को दी, तब डंग ने बताया कि यह फर्जी वाट्सएप नंबर पर हमारी फोटो लगाकर धोखाधड़ी की जा रही है। सीतामऊ जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रोडमल वर्मा के नाम से भी कोई लोगों से रुपये मांगे गए।

### मंत्री डंग ने डाली पोस्ट

कई लोगों के पास रुपये मांगने संबंधी मैसेज मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री हरदीपसिंह डंग ने अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट डालकर सभी को सुचित किया है की वाट्सएप पर मेरी तस्वीर का इस्तेमाल कर किसी नंबर से रुपये मांगे जा रहे हैं। यह हरकत किसी हैकर द्वारा की जा रही हैं। मैने अधिकारियों को भी शिकायत भेज दी है। सभी से भी आग्रह है कि सचेत रहे और आज तथा भविष्य में भी इस तरह की किसी भ्रामक संदेश से बचें एवं सावधान रहें।

# रतलाम, नरसिंहपुर व ग्वालियर में बढ़ी गर्मी भोपाल, इंदौर, उज्जैन में बारिश की संभावना



**भोपाल यशभारत।** वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर तीन मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं, लेकिन बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान मोका के कारण वातावरण से नमी कम होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में अरब सागर से मिल रही कुछ नमी के कारण रविवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं शाम के समय गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। साथ ही अब पूरे मध्य प्रदेश में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। उधर, शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रतलाम में 0.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। उज्जैन में बूंदाबांदी हुई। प्रदेश में सबसे अधिक 39 डिग्री सेल्सियस तापमान रतलाम, नरसिंहपुर एवं ग्वालियर में दर्ज किया गया। रविवार को इन जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में भी एक चक्रवात बना हुआ है। उधर, बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है।मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात रविवार को कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। यह मौसम प्रणाली रविवार को अवदाब का क्षेत्र बना सकती है। इसके बाद इसके गहरे अवदाब का क्षेत्र बनने के बाद चक्रवाती तूफान मोका में बदलने की संभावना है। शुक्ला के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के कारण मध्य प्रदेश में नमी मिलने का सिलसिला कम हो गया है। इस वजह से मौसम धीरे-धीरे साफ होने लगा है। इस वजह से धूप निकलने लगी है। हालांकि, उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर बने चक्रवात के कारण अरब सागर से कुछ नमी मिल रही है। इस वजह से रविवार को भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में आंशिक बादल बने रह सकते हैं। साथ ही शाम को कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। शेष संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत-शुष्क रहेगा।

# डीजीपी सहित 20 हजार पुलिसकर्मी सड़क पर उतरे, लोगों से पूछीं समस्याएं



**भोपाल ,यशभारत।** प्रदेश में पहली बार पुलिस के 20 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी गश्त के लिए सड़क पर उतरे। आम लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर यह गश्त की गई। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने भोपाल में गश्त में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के संबंध में लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने टीटी नगर थाना से जीआरपी थाना, बजरिया तक ढाई घंटे में 10 किमी पैदल गश्त की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी वर्ष जनवरी में दिल्ली में हुए पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन में लोगों में सुरक्षा की भावना बनाने के लिए गश्त को बहुत प्रभावी कदम बताया था। उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा की जा रही पैदल गश्त का भी उल्लेख किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए पैदल गश्त करने को कहा था।

### इसलिए की गई गश्त

नागरिकों में सुरक्षा की भावना एवं अपराधियों के मन में भय पैदा करना। - आमजन और पुलिस के बीच संवाद स्थापित करना। - लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना। - किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस को भौगोलिक स्थिति का ज्ञान रहे। - पुलिस का सूचना तंत्र मजबूत बने।

### डीजीपी ने दुकानदारों और रहवासियों से बात की

डीजीपी सुधीर सक्सेना अधिकारियों के साथ रंगमहल चौराहा, रोशनपुरा, कंट्रोल रूम, पीएचक्यू तिराहा, शब्बन चौराहा, जिंसी चौराहा, पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, थाना अशोका गार्डन के सामने से होते हुए स्टेशन बजरिया थाना तक पहुंचे। उन्होंने जगह-जगह रुककर दुकानदारों एवं रहवासियों से बात की। डीजीपी के साथ पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, डीसीपी साई कृष्णा, डीसीपी क्राइम श्रुत कीर्ति सोमवंशी एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## मणिपुर हिंसा में मप्र के 30 छात्र फंसे, पंधाना विधायक ने रेस्क्यू के लिए सीएम को लिखा पत्र



**भोपाल, ईएमएस।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुण के कुछ जिलों में बीते कुछ दिनों से हिंसा और उपद्रव के हालात हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा में अब तक करीब 50 लोगों की मौत हो चुकी है। वहां भड़की हिंसा के बीच मप्र के भी करीब 30 छात्रों के इंफाल में फंसे होने की सूचना है। पंधाना से भाजपा विधायक राम दांगोरे ने इस छात्रों के रेस्क्यू की मांग करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है।विधायक राम दांगोरे ने सीएम को भेजे अपने पत्र में लिखा- मणिपुर में चल रहे उपद्रव तथा उन्माद के लगातार बढ़ने के चलते वहां पर फोन तथा इंटरनेट सुविधा बंद कर दी गई है और भारतीय सेना को तैनात कर दिया गया है। इम्फाल के एनएसयू विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के लगभग 30 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें खंडवा के तीन विद्यार्थी शामिल हैं। मणिपुर राज्य में दंगे के हालात निर्मित होने के बाद स्थितियां अनियंत्रित हो गई हैं, जिसके कारण मेघालय, नागालैंड, मणिपुर सरकार ने अपने राज्य के छात्रों को निकालने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अतः आपसे खंडवा सहित मध्यप्रदेश के अन्य विद्यार्थियों को एयरलिफ्ट करवाकर रेस्क्यू कर वापस मध्यप्रदेश लाए जाने का अनुरोध है।

# बेहटा गांव के पुराने घाट को गुलाब उद्यान से जोड़ा जाए तो बन सकता है पर्यटन स्थल



**भोपाल, ईएमएस।** बड़ी झील के एक किनारे पर बना बोरवन पार्क संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का सबसे सुंदर और हरा-भरा पार्क बन चुका है, लेकिन दूसरे छोर पर स्थित बेहटा घाट धीर-धीरे उजड़ता जा रहा है। यदि घाट को विकसित कर दिया जाए तो यह आकर्षक पर्यटन स्थल बन सकता है। यहां मिनी बोट क्लब एवं कैफेटेरिया का प्रस्ताव बना था, पर पूरा नहीं हो सका। 15 साल पहले तक बेहटा घाट रौनक भरा स्थान था। यहां हर साल दुर्गोत्सव एवं गणशोत्सव धूमधाम से मनाया जाता था। नगर की प्रतिमाओं का विसर्जन भी यहां होता था। पूजा-अर्चना एवं पूजन सामग्री प्रवाहित करने बड़ी संख्या में लोग घाट पर पहुंचते थे। प्रशासन ने बड़ी झील को प्रदूषण मुक्त रखने के उद्देश्य से यहां प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगा दी। नगर निगम ने सीहोर नाके पर अस्थायी घाट बना दिया। इसी के साथ ही बेहटा घाट की रौनक कम हो गई। पर्यटन विकास निगम ने यहां पर बोट क्लब एवं कैफेटेरिया बनाने का प्रस्ताव बनाया, पर इस पर अमल नहीं हो सका। संत हिरदाराम नगर के नागरिकों ने बेहटा घाट को गुलाब उद्यान से जोड़ने का सुझाव दिया है। बैरागढ़ के सीहोर नाका क्षेत्र में संत हिरदाराम गुलाब उद्यान विकसित करने का काम चल रहा है। विधायक रामेश्वर शर्मा इसमें गहरी रूचि ले रहे हैं। रामेश्वर ने भी पिछले दिनों अधिकारियों से उद्यान को बेहटा घाट से जोड़ने के लिए सर्वे करने को कहा था। बोरवन क्लब ने भी सहयोग की पेशकश की है। यहां पर राजधानी के बोट क्लब की तरह बोट चलाकर इसे सुंदर पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है। घाट पर हर साल बोट रेस भी होती है। गुलाब उद्यान से जोड़ने से यह सुबह एवं शाम को सैर करने वालों के लिए भी अच्छा स्थान बन जाएगा। पूरे क्षेत्र में वाक-वे बनाया जा सकता है।

## दो सौ लाड़लियों को देश की सीमाओं की सैर कराएगी सरकार, हर जिले से मांगे नए नाम

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश की दो सौ लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को देश की सीमाओं की सैर कराई जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जिले से तीन से चार लाड़लियों के नाम मांगे गए हैं। खेल एवं युवक कल्याण विभाग के मां तुझे प्रमाण कार्यक्रम के तहत पिछले साल से बेटियों को देश की सीमाओं पर भेजा जा रहा है। आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग डा़ रामराव भोंसले ने जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नौवीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं के नाम भेजें। खेल एवं युवक कल्याण विभाग के मां तुझे प्रमाण कार्यक्रम के तहत पिछले साल से बेटियों को देश की सीमाओं पर भेजा जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों में देशभक्ति का भाव पैदा करना है। पिछले साल 196 बेटियों को बाघा बार्डर पर भेजा गया था। वे गांव की मिट्टी लेकर गई थीं और हमारे देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के माथे पर तिलक किया था। बार्डर से लौटने के बाद बेटियों ने गांव में अपने अनुभव साझा किए थे। सभी जिलों से नाम आने के बाद यह तय होगा कि बेटियों को कब और कहां भेजा जाएगा।

## मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द फसलों की खरीदी का पंजीयन 8 से 19 मई तक

**भोपाल ईएमएस।** प्रदेश के किसानों से ग्रीष्मकालीन फसल मूंग और उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए प्रदेश सरकार ने आठ मई 19 मई तक पंजीयन करने का निर्णय लिया है। कृषि मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश के 32 जिलों में मूंग और 10 जिलों में उड़द का उत्पादन होता है। इन जिलों में किसानों से अपील है कि वह आठ से 19 मई तक अपनी फसल समर्थन मूल्य पर सरकार को बेचने के लिए खरीदी का पंजीयन कराएं। कृषि मंत्री पटेल ने बताया कि नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर ,देवास, सागर, गुना, खंडवा, खरगोन, कटनी, दमोह ,विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल , श्योपुरकला , भिंड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मंडला, शिवपुरी अशोकनगर, इंदौर, बालाघाट जिलों में मूंग का उत्पादन किसान करते हैं। वही जबलपुर ,कटनी, नरसिंहपुर, दमोह, छिंदवाड़ा, पन्ना, मंडला, उमरिया, सिवनी और बालाघाट में उड़द की फसल की खेती किसान भाई ग्रीष्म काल में करते हैं।

### सरकारी खरीद में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन सबसे बेहतर

सरकारी खरीद में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन सबसे बेहतर है। प्रदेश में 4.29 मिलियन टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। लक्ष्य 8 मिलियन टन का है। प्रदेश में खरीद में बीते साल से 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हरियाणा और उप्र में भी वृद्धि है लेकिन पंजाब में कमी आती दिखी है। इससे पहले सेंट्रल पूल में गेहूं की कमी के कारण बीते वर्ष 10 राज्यों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कोटा कम कर दिया था। अब गेहूं की खरीदी पूरी होने के बाद इस महीने के आखिर तक केंद्र वितरण प्रणाली के कोटे की समीक्षा कर बहाली कर सकता है।

## हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से नौ साल के बालक की मौत

**भोपाल ,यशभारत।** निशातपुरा थाना इलाके की गोया कालोनी में रहने वाला नौ वर्षीय शिवम पुत्र मालमसिंह अहिरवार एक मई को शाम के समय घर की छत पर खेल रहा था। उस समय हल्की वर्षा भी हो रही थी, तभी उसे घर के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का जोरदार झटका लगा। स्वजन ने उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को शिवम की मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय ऋ्रतु यादव ने शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे घर में कोई जहरीला पदार्थ का लिया था। स्वजन ने उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। कुछ देर चले उपचार के बाद सुबह 10 बजे ऋ तु की मौत हो गई। किशोरी के पिता सेंट्रिंग लगाने का काम करते हैं।

## तीन वार्ड के 24 से अधिक क्षेत्रों में पहुंची महापौर ,किया स्वच्छता संवाद

**भोपाल, यशभारत।** शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए महापौर मालती राय हर दिन दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद कर रही है। इसी के तहत वह शनिवार को भी तीन वार्ड के 24 से अधिक क्षेत्रों का महापौर ने भ्रमण किया और लोगों से संवाद कर अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की है। साथ ही नगर निगम अमले को निर्देश दिए हैं कि बाजारों, रहवासी क्षेत्रों व नाला-नालियों की सफाई बेहतर तरीके से की जाए। वह जोन क्रमांक नौ के वार्ड 36,38 और 69 के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची थीं।महापौर मालती राय ने एकतापुरी, हिनौतिया, परिहार चैराहा, अशोका गार्डन, 80 फीट रोड, सेमरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नालों, बाजारों व रहवासी क्षेत्रों का निरीक्षण किया और नाला-नालियों की नियमित एवं बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने, डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण एवं साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाने, गंदगी फैलाकर सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।बाजारों एवं रहवासी क्षेत्रों में नागरिकों व व्यवसायियों से संवाद करते हुए गीले-सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने और कचरा एकत्र करने वालों को अलग-अलग डस्टबिन में कचरा देने, निगम की स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देकर अपने शहर भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का आह्वान किया है।

# डीएसपी के सरकारी आवास से बेटे की महंगी साइकिल चोरी



**भोपाल,यशभारत।** लोकायुक्त की विशेष स्थापना पुलिस में एक डीएसपी के सरकारी आवास से उनके पुत्र की स्पोर्ट्स साइकिल चोरी चली गई। घर की बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर आया एक नकाबपोश साइकल चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखा है। टीटी नगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक एफ-90/39 तुलसी नगर में रहने वाले संजय शुक्ला लोकायुक्त की विशेष स्थापना पुलिस में डीएसपी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल को घर में रखी बेटे की स्पोर्ट्स साइकल न मिलने पर उनके द्वारा आवास परिसर में लगे सीसीटीवी के फुटेज देखे। जिसमें 22-23 अप्रैल की दरमियानी रात करीब दो बजे के लगभग एक नकाबपोश व्यक्ति घर की बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर आया। वह आंगन में रखी स्पोर्ट्स साइकल चुराकर ले गया। साइकल की कीमत 13 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने शुक्ला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ घर में घुसकर चोरी करने का मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी से मिले हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से 09 वर्षीय बालक की मौत उधर, निशातपुरा थाना इलाके की गोया कालोनी में रहने वाला नौ वर्षीय शिवम पुत्र मालमसिंह अहिरवार एक मई को शाम के समय घर की छत पर खेल रहा था। उस समय हल्की वर्षा भी हो रही थी, तभी उसे घर के पास से गुजर रही हाइटेंशन लाइन का जोरदार झटका लगा। स्वजन ने उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को शिवम की मौत हो गई।

# फर्जी अनुबंध से कराई रजिस्ट्री, जगह बदल की स्टांप ड्यूटी में गड़बड़ी

**भोपाल यशभारत।** हुजूर तहसील के बरखेड़ा नाथू की तीन एकड़ जमीन का रजिस्टर्ड अनुबंध करने के बाद किसान ने फर्जी अनुबंध बनाकर जमीन दूसरे को बेच डाली। जब अनुबंध करने वालों को इसका पता चला तो उन्होंने सब रजिस्ट्रार बृजेंद्र शुक्ला के यहां आपत्ति पेश की लेकिन दूसरे क्षेत्र के सब रजिस्ट्रार अजमल सिंह मारण ने दो मई को रजिस्ट्री कर दी है। रजिस्ट्री कराने में जमीन की जगह बदलकर तीन लाख रुपये की स्टांप चोरी की गई है। फरियादी ने किसान पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर रजिस्ट्री निरस्त करने की मांग की है।बताया जा रहा है कि उक्त मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा द्वारा स्टांप चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी रविंद्र कटियार का आरोप है कि किसान मांगीलाल ने फर्जी तरीके से अनुबंध को निरस्त करने के दस्तावेज पेश कर रजिस्ट्री कराई है। सब रजिस्ट्रार ने भी आपत्ति के बावजूद रजिस्ट्री कर दी है। रजिस्ट्री होने के बाद खरीदार ने नामांतरण के लिए हुजूर तहसीलदार चंद्रशेखर श्रीवास्तव के यहां आपत्ति भी पेश की है।दरअसल 25 मई 2015 को किसान मांगीलाल ने 3 एकड़ 36 डेसीमल का रजिस्टर्ड अनुबंध रविंद्र कटियार सहित दो अन्य लोगों के साथ किया था।जिसमें एक करो? 16 लाख देने का सौदा तय हुआ था। जिसमें एडवांस के रूप में चार लाख रुपए की राशि दी गई। रजिस्टर्ड अनुबंध में एक लाख रुपए की स्टांप ड्यूटी भी चुकाई गई, लेकिन किसान ने फर्जी तरीके से इस अनुबंध को 29 अक्टूबर 2015 में रद्द बताकर जमीन की रजिस्ट्री राजा राव पिता यशवंत राव निवासी विदिशा और मोहम्मद फराज पिता ताहिर हसन निवासी तलैया भोपाल के नाम करा दी।



### स्टांप ड्यूटी चोरी करने बदल डाली जगह

किसान मांगीलाल ने राजा राव और मोहम्मद ताहिर को एक-एक एकड़ जमीन तीस लाख रुपए में बेची है। इस जमीन की रजिस्ट्री में बताया गया है कि जमीन सड़क किनारे नहीं है, जबकि यह जमीन बरखेड़ा नाथू मुख्य रोड पर स्थित है। ऐसे में खरीदारों ने रजिस्ट्री में तीन लाख रुपए की कम स्टांप ड्यूटी जमा कराई है। शिकायत के बाद स्टांप चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### रिकार्ड में दर्ज थी सरकारी भूमि

आठ साल पहले अनुबंध के दौरान यह जमीन खसरे में सरकारी दर्ज थी, जिसका संभागायुक्त दफ्तर में केस चल रहा था। यहां से आदेश होने के बाद तत्कालीन कलेक्टर ने इस खसरे से सरकारी हटाकर किसान के नाम जमीन दर्ज की गई। हाल ही में खसरे में अपडेशन के बाद ही किसान ने यह जमीन दूसरे लोगों को अधिक है।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए 15 मई तक दर्ज की जा सकती ऑनलाइन आपत्तियां

## ग्राम पंचायत और वार्डों में देख सकते हैं लाड़ली बहना योजना में प्राप्त आवेदनों की अनंतिम सूची

**कटनी,यशभारत।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश की गरीब एवं मध्यम परिवार की महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए लागू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत 30 अप्रैल तक कटनी जिले में दो लाख 43 हजार 608 बहनों के ऑनलाईन आवेदन भरे गए हैं। इन आवेदनों की अनंतिम सूची सभी ग्राम पंचायत एवं वार्डो में चस्पा की गई है। अनंतिम सूची में उल्लेखित महिलाओं की पात्रता संबंधी आपत्तियाँ 1 मई से 15 मई 2023 तक योजना के पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जा सकती हैं। निर्धारित अवधि तक दर्ज आपत्तियों का निराकरण 16 मई से 30 मई तक जांच कर किया जाएगा
आपत्ति दर्ज करने के लिये योजना के पोर्टल cmladlibahna.mp.gov.in पर आपत्ति दर्ज करें लिंक पर दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुरूप आपत्तिकर्ता को अपना पंजीयन कर नाम एवं मोबाइल नंबर भरना होगा। इसके बाद 'आपत्ति करें' बटन पर क्लिक कर जिस भी क्षेत्र की जिस विशेष महिला की पात्रता एवं अनंतिम चयन को लेकर आपत्ति है उसके नाम पर क्लिक कर आपत्ति दर्ज कराना होगी। आपत्तिकर्ता द्वारा किसी भी महिला की पात्रता संबंधी आपत्ति करते समय आपत्ति के संबंध में आवश्यक दस्तावेज होना आवश्यक है। आपत्तिकर्ता पोर्टल पर दर्ज आपत्ति की पावती भी पोर्टल से डाउनलोड कर सकते हैं। पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा में दर्ज आपत्तियों पर योजना गठित आपत्ति निराकरण समिति 16 मई से 30 मई तक जाँच कर निराकरण किया जायेगा। पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा के बाद निराकरण की स्थिति का विवरण देखा जा सकता है।

### आधार लिंक तथा डीबीटी की कार्यवाही 15 मई तक करें पूर्ण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने आवेदनों के कुल पंजीयन, बैंक खाते से आधार लिंक तथा डीबीटी से शेष हितग्राहियों का लक्ष्य आगामी 15 मई तक पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने आधार लिंक तथा डीबीटी से शेष हितग्राहियों की कार्यवाही हेतु जिले के सभी बैंक ब्रांचों पृथक काउंटर लगाने, सभी बैंक अपने कियोस्क संचालकों की ब्रांच वार सूची लीड बैंक मैनेजर के माध्यम से जिले को उपलब्ध करानें तथा ब्लॉक लेबल बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित कर में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्यवाही करने निर्देशित किया है।

# मतपत्रों में त्रुटि की वजह से एसीसी कोऑपरेटिव सोसायटी के चुनाव रद्द

## 7 मई रविवार को होना था मतदान

**कैमोर। कैमोर की एसीसी कोऑपरेटिव सोसायटी के कल 7 मई रविवार को होने वाले चुनाव मतपत्रों में त्रुटि के चलते निरस्त कर दिए गए। यह निर्णय सभी उम्मीदवारों की सहमति से रिटर्निंग अधिकारी द्वारा लिया गया। अब मतपत्रों में सुधार के बाद सोसायटी चुनाव की अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी। चुनाव रद्द हो जाने के कारण जहां मतदान के लिए आये अनेक मतदाताओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ा वहीं उम्मीदवारों में भी नाराजगी देखी गई।**

गौरतलब है कि एसीसी कोऑपरेटिव सोसायटी संचालक मंडल के कुल 11 सदस्यों में से 3 सदस्यों का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गया था। संचालक मंडल के शेष 8 पदों के लिए आज 7 मई रविवार को मतदान होना था। चुनाव राज्य शासन सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कराये जा रहे थे। जिले में पदस्थ वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक अनीता कोल को चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया था।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 अप्रैल को संचालक मंडल सदस्य पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। 29 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच के बाद 30 अप्रैल तक नाम वापसी का समय निर्धारित था। नामांकन दाखिल करने वाले कुछ उम्मीदवारों द्वारा नाम वापस ले लिए जाने और एक नामांकन निरस्त हो जाने के बाद चुनाव में शेष 34 उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर उनकी सूची भी जारी कर दी गई थी। सूची में उम्मीदवारों के नाम सीरियल नंबर से थे। उम्मीदवारों को लगा कि जिस सीरियल नंबर से उनकी सूची जारी की गई हैं उसी सीरियल नम्बर से मतपत्रों में भी उनका नाम होगा। इसी सीरियल के आधार पर उम्मीदवारों ने नकली मतपत्र भी प्रिंट कराये। मतदान के समय मतदाता आसानी से अपने पसंद के उम्मीदवार को मतपत्रों में खोज ले इसे देखते हुए उम्मीदवारों ने सीरियल के आधार पर ही प्रचार किया। जैसे जिस उम्मीदवार का नाम सूची में सातवें नम्बर पर था उसने प्रचार के दौरान 7 नम्बर में ही सील लगाने का प्रचार किया। जिसका 23 वे नम्बर पर नाम था उसने 23 नम्बर का प्रचार किया। एक मई से ही चुनाव प्रचार का सिलसिला शुरू हो गया था। चुनाव में एसीसी के अधिकारियों कर्मचारियों सहित कुल 438 मतदाता थे। इस बार सोसायटी चुनाव को लेकर गहमा गहमी कुछ ज्यादा ही रही। मतदान के एक दिन पहले देर रात तक उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाते रहे। कुछ प्रत्याशी अकेले तो कुछ समूह बनाकर प्रचार करते रहे। प्रचार अपने पूरे शबाब पर था। आज के लिए भी विशेष तैयारियां की गई थी। मतदान एसीसी जिमखाना टेनिस कोर्ट में होने थे। मतदान के लिए सुबह साढ़े10 बजे से 4 बजे तक का समय तय था।

चुनाव शुरू होते ही उम्मीदवारों ने जब मतपत्र देखा तो उनके होश उड़ गये क्योंकि मतपत्र में जो सूची थी उसमें उनके नाम के आगे सीरियल नंबर थे ही नहीं, केवल उम्मीवारों के नाम लिखे थे। जब इस पर आपत्ति दर्ज कराई तो पहले रिटर्निंग अधिकारी ने उनकी आपत्तियों को खारिज करने का प्रयास किया। चुनाव रद्द करने की धमकी भी दी पर उम्मीदवार अपनी आपत्ति पर अड़े रहे। अंततः सभी उम्मीदवारों की सहमति से 7 मई को होंने वाला चुनाव आगामी तिथि तक के लिए निरस्त कर दिया गया। अब मतपत्रों में त्रुटि सुधार के बाद ही संचालक मंडल सदस्य पद के 8 पदों के लिए मतदान होगा।

# कलेक्टर ने वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के जिला प्रबंधक से तलब किया स्पष्टीकरण

## उपस्थित होकर वस्तु स्थिति अवगत कराने दिया निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के भंडारण कार्य में कोताही बरतने पर मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 में गेहूं उपार्जन में गेहूं का भंडारण का दायित्व आपके पास है।, जिला प्रबंधक से तलब किए गए स्पष्टीकरण में कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा है, कि उपार्जित गेहूं को गोदामों की क्षमता के आधार पर



गोदामों में शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्राथमिकता क्रम से भंडारण का कार्य किया जाना है। लेकिन परिवहन कर्ताओं द्वारा उपार्जित समीक्षा बैठक के दौरान बताया गया कि चिन्हित गोदाम से अन्यत्र गोदाम में परिवहनकर्ताओं को मौखिक आदेश के आधार पर गेहूं का भंडारण कराया गया है। इस वजह से परिवहनकर्ताओं को गेहूं के परिवहन करने में भंडारण स्थल (गोदाम) को लेकर दुविधा की स्थिति निर्मित होने के कारण गेहूं का परिवहन प्रभावित हो रहा है। कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है, कि जिला प्रबंधक द्वारा शासन के निर्देशों के अनुरूप भंडारण कार्य नहीं कराया जाकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। जो अवांछनीय और अनुशासनहीनता का द्योतक है। इसलिए अपना स्पष्टीकरण समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# जनसेवा मित्रों ने निकाली रैली, बच्चों को अनिवार्य शिक्षा की दी जानकारी



**कटनी,यशभारत।** विकासखंड रीठी में कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र सोनाली ताम्रकार, पूर्णाश राय, रमा बख्शी, मेघा पाण्डेय, सत्यम चौधरी, विनिता यादव, राहुल कुशवाहा, गोकुल यादव, रामानंद साहू, रूपा मिश्रा, निक्की मिश्रा, वरुण तिवारी द्वारा विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत पौड़ी में नवीन नवाचार के माध्यम से स्कूल चलें हम अभियान के तहत बच्चों के साथ मिलकर रैली निकालीं गई। रिसर्च एसोसिएट सुदीप शहाने ने बताया कि किसी भी आन्दोलन और अभियान की सफलता में नारों की एक विशेष भूमिका होती है। बुलंद आवाज़ में गूंजते नारे व्यक्ति की रुह को छूते हुए, उन्हें सहभागिता के लिए विवश कर देते हैं। यही नारे सफलता के लिए लोगों को प्रेरित करते हैं। जनसेवा मित्र ऐसे ही बुलंद नारों के साथ, गली- गली जाकर जनसामान्य को स्वच्छता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की महत्ता बताते हुए अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने का अनुरोध कर रहे हैं।

## पेंसिल देकर बच्चों का किया उत्साहवर्धन



# समर्थन मूल्य पर ग्रीष्म कालीन कालीन मूंग एवं उड़द के उपार्जन के लिए 8 से 19 मई तक होगा किसानों का पंजीयन

**कटनी, यशभारत।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम योजना के अंतर्गत वर्ष 2023 विपणन वर्ष 2023-24 में ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 8 मई से 19 मई तक किया जायेगा। समर्थन मूल्य पर मूंग का उपार्जन कटनी, बालाघाट, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर, देवास, सागर, गुना, खंडवा, खरगोन, दमोह, विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल, श्योपुरकला, भिंड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ाए बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मंडला, शिवपुरी, अशोकनगर एवं इंदौर जिले में किया जाना है। इसी प्रकार उड़द का समर्थन मूल्य पर उपार्जन कटनी, बालाघाट, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, छिंदवाड़ा, पन्ना, मंडला, उमरिया एवं सिवनी जिले में किया जाना है। जिले के किसान समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए आज 8 से 19 मई तक अपना पंजीयन करा सकते है।

# शनिवार को भी जारी रहा बेसलाइन सर्वे का कार्य

**कटनी, यशभारत।** बेसलाइन सर्वे के तहत शनिवार को भी छात्र-छात्राओं द्वारा सर्वे किया जाकर मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उल्लेखनीय है की भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुये कटनी जिले की विधानसभा क्षेत्र 93-मुड़वारा के 20 मतदान केन्द्रों का बेसलाइन सर्वे किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशों के अनुपालन में अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 93 - मुड़वारा एवं प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी को आयोग से प्राप्त निर्देशों के तहत महाविद्यालय के छात्र. छात्राओं को प्रगणक नियुक्त कर बेसलाईन सर्वे उनकी सहमति के आधार पर उन्हें क्षेत्र में भेजे जाने तथा साथ ही विधानसभा क्षेत्र के लिये एक सुपरवाइजर पर्यवेक्षक की नियुक्ति शिक्षा विभाग द्वारा की जायेगी। सुपरवाईजर के पद पर ईएलसी के नोडल अधिकारी, एनसीसी के प्रभारी, एनएसएस के प्रभारी तथा निर्वाचन से संबंधित प्रभारी इनमें से किसी एक की नियुक्ति किये जाने के निर्देश प्राचार्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को दिये गये तथा महाविद्यालय के नोडल अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। उक्त नोडल अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाकर समस्त प्रगणक एवं छात्र-छात्राओं को जो सर्वे में सर्मिलित हैं, उन्हें 10 मई 2023 तक सर्वे किये जाने के संबंध में समस्त दस्तावेज संबंधित प्राचार्य द्वारा उपलब्ध कराये गये है। कटनी जिले में शनिवार को छात्र.छात्राओं द्वारा मतदान केन्द्रों के मतदाताओं से बेस लाइन सर्वे किया जाकर आयोग द्वारा प्रेषित फार्मेट में जानकारी संकलित की कार्यवाही की गयी।



# कलेक्टर से मिलने आने वाले आगंतुकों के हाथ में बुके नहीं अब होती है बुक

**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा नो बुके जस्ट ए बुक पहल का लोगों पर गहरा असर हो रहा है। कलेक्टर श्री प्रसाद से मिलने आने वाले आगंतुकों के हाथ में अब बुके नहीं तरह तरह की किताबें नजर आती है। आगंतुकों से मिलने वाली किताबों को कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले के सभी छात्रावासों में विकसित किए जा रहे पुस्तकालयों में रखा जा रहा है। जिनका उपयोग छात्रावासी विद्यार्थी अपने भाषा ज्ञानवर्धन और बौद्धिक विकास में कर रहे हैं। कलेक्टर श्री प्रसाद के द्वारा नो बुके जस्ट ए बुक की अपील से प्रेरित होकर गत दिवस इनटेक कटनी चौप्टर के कन्वेनर मोहन नागवानी द्वारा इनटेक की ओर से कई शिक्षाप्रद किताबें कलेक्टर अवि प्रसाद को भेंट की। जिनमें मु य रूप से नवाचार के तहत विकसित किए जा रहे पुस्तकालयों के लिए डॉ अमित साहू द्वारा लिखित प्राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में कटनी का योगदानष् नामक पुस्तक प्रमुख है। जिसके 16 सेट सहित इंग्लिशए हिंदीए वैदिक गणित सहित व्यक्तित्व विकास से संबंधित कई पुस्तकें भेंट की गई है। इस अवसर पर विवेक दुबे की भी उपस्थिति रही।

# ग्राम भूला और खंदवारा में हो रही निर्बाध पेयजल आपूर्ति

## समस्या सामने आने पर कलेक्टर ने कराई जांच, अधिकारियों से कहा किसी भी गांव को पानी की समस्या से न जूझना पड़े

**कटनी,यशभारत।** गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े, इसके लिए कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं, कहीं से भी यदि पानी से संबंधित समस्या या शिकायत संज्ञान में आती है तो उसका अविलंब निराकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में पानी सप्लाई से संबंधित शिकायत सामने आने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ढीमरखेड़ा के सुदूर ग्रामों और बहोरीबंद क्षेत्र में पेयजल समस्या का त्वरित निराकरण करा कर लोगों को राहत पहुंचाई।



### भूला में नलजल योजना और हैंडपंप से हो रही पानी आपूर्ति

ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम भुला के नलजल योजना का पंप बंद होने से पेयजल संकट की जानकारी मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जांच कर पेयजल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए गए। निर्देशों के परिपालन में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्राम भुला में नल जल योजना के संचालन की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा नल जल योजना स्त्रोत में आवक की क्षमता कम होने के कारण 5 एचपी की बजाय 2 एचपी की मोटर स्थापित कर पेयजल सप्लाई की जा रही है। साथ ही जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम भुला की 109.03 लाख रेट्रोफिटिंग योजना स्वीकृत हो चुकी है। जिसकी निविदा प्रक्रिया प्रचलित है। वर्तमान में गांव में नलजल योजना और 10 चालू हैंडपंपों के माध्यम से सप्लाई हो रही है।

### खंदवारा में नलजल योजना स्वीकृत, हैंडपंप से मिल रहा पानी

वहीं ग्राम खंदवारा में पेयजल संकट की जानकारी लगने पर कलेक्टर द्वारा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जांच कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जांच प्रतिवेदन में कार्यपालन यंत्री पीएचई ने बताया कि उक्त ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत 59.08 लाख रुपए की नल जल योजना स्वीकृत हो चुकी है, जिसकी निविदा प्रक्रिया प्रचलित है। वर्तमान में खंदवारा में भी स्थापित 10 हैंडपंपों के माध्यम से ग्रामवासियों को पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह बहोरीबंद जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुआं के वार्ड 2 में पानी की समस्या की शिकायत सामने आने पर कलेक्टर द्वारा जांच कराई गई। जिसमें नलजल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से जारी मिली।

# कलेक्टर का प्रयासः शासन की योजनाओं से वंचित न रहे कोई भी पात्र वर्ग

**कटनी,यशभारत।** शासन द्वारा प्रदत योजनाओं और सुविधाओं से कोई भी पात्र वर्ग अछूता न रहे, इसको लेकर कलेक्टर कटनी द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। छोटी से छोटी समस्याओं और शिकायतों के त्वरित निराकरण कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और इन्हीं प्रयासों ने आम जनमानस के बीच प्रशासन के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत किया है।

### राधा को पुन : मिलने लगी दिव्यांग पेंशन

जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमराकला की रहने वाली राधा बाई पिछले दो वर्षो से दिव्यांग पेंशन न मिलने से लगातार परेशान थी। जिसकी शिकायत उसने कलेक्टर कार्यालय में की। दिव्यांगों के प्रति संवेदनशील कलेक्टर श्री प्रसाद ने इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी को तत्काल इसके निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में सीईओ जनपद पंचायत रीठी द्वारा शिकायत की जांच की गई तो पता चला कि राधा बाई को सितंबर 2021 तक सामाजिक सुरक्षा निशक्त पेंशन का भुगतान किया जाता रहा लेकिन इसके बाद किसी तकनीकी त्रुटि की वजह से पेंशन बंद हो गई। जिसके बाद न तो वह पेंशन पुनः प्रारंभ हो पा रही थी और न ही पेंशन का नवीन आवेदन हो पा रहा था। जिसके बाद उक्त तकनीकी समस्या के निवारण के लिए उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्त जन कल्याण विभाग को पत्र प्रेषित किया गया। 4 मई को उक्त तकनीकी समस्या का निराकरण कर राधा बाई की निशक्तजन पेंशन पुनः स्वीकृत कर दी गई है।

### रानी की बनी नवीन समग्र आईडी

नगर निगम कटनी अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड निवासी रानी बाई पति बल्लू बर्मन की नवीन समग्र आईडी न बनने पर आवेदिका द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय में की गई। जिसके बाद कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर रानी बाई को बुलाकर उसकी नवीन समग्र आईडी बनाकर उसके दो बच्चों के नाम उसमे दर्ज किए गए।

# ब्लॉक समन्वयक को आवास की प्रगति के क्रियान्वयन में लापरवाही करना पड़ा मंहगा

## नो वर्क, नो पे के आधार पर जिला सीईओ ने आदेश जारी कर एक सप्ताह की अवधि के लिए किया अवैतनिक

**कटनी,यशभारत।** 28 अप्रैल की अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बिना पूर्व सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित रहनेए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के



विरुद्ध न्यून प्रगति पाई जाने पर निर्देशानुसार लक्ष्य अर्जित नहीं करने के फलस्वरुप जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना के जनपद कटनी के ब्लाक समन्वयक बलराम दाहिया को एक सप्ताह के लिए नो वर्क. नो पे के आधार पर एक सप्ताह की अवधि के लिए अवैतनिक किए जाने का आदेश जारी किया है। बता दें कि 27 अप्रैल को आयोजित राज्य स्तरीय वीडियो कांफ्रेंसिंग में पीएम आवास की प्रगति न्यून पाई जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद बीसी बलराम दाहिया द्वारा जनपद पंचायत कटनी को निर्धारित लक्ष्य 362 प्रधानमंत्री आवासो को पूर्ण कराए जाने के विरुद्ध मात्र 69 आवास पूर्ण कराए जाने के साथ आवास पूर्णता प्रतिवेदन और साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही एवं उदासीनता बरती जाने के फलस्वरूप जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने आदेश जारी कर सीईओ जनपद पंचायत कटनी को एक सप्ताह के वेतन/मानदेय कटौती के निर्देश दिए है।


# अन्न उत्सव का आयोजन 10 मई तक

**कटनी,यशभारत। जिले में ष्अन्न उत्सवष् का आयोजन 08, 09 एवं 10 मई 2023 को किया जाना है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने आदेश जारी कर अन्न उत्सव के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत सम्मिलित पात्र परिवारों को नि :शुल्क खाद्यान्न उचित मूल्य दुकान में नियुक्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में सुनिश्चित करने एवं वितरण व्यवस्था की पर्याप्त मॉनिटरिंग के लिए के निर्देश दिए है।**

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा ष्अन्न उत्सवष् के आयोजन हेतु विस्तृत निर्देश प्रदान कर उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारी की उपस्थिति ष्अन्न उत्सव का आयोजन किए जाने, सामग्री वितरण हेतु प्रत्येक दुकान पर पीओएस मशीन चालू हालत में उपलब्ध कराने के साथ ही माह मई 2023 के आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय उचित मूल्य दुकानों पर कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। अन्न उत्सव के दौरान उचित मूल्य दुकानों पर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आमंत्रित कर पात्रता अनुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम योजना का खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री का वितरण कराने, अन्न उत्सव के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति के सदस्यों एवं दीनदयाल अन्त्योदय समिति के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

## कलेक्टर श्री प्रसाद ने ष्अन्न उत्सवष् के आयोजन की व्यवस्थाओं हेतु नोडल अधिकारियों को सौपे दायित्व

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अन्न उत्सव के दौरान पात्र परिवारों की ई केवायसी, मोबाइल और आधार सीडिंग की दुकानवार एवं जेएसओ वार समीक्षा करने व उचित मूल्य दुकानवार नियुक्त नोडल अधिकारी को अन्न उत्सव के दौरान दुकान पर लगाई जाने वाली सूचनाओं, पीओएस मशीन से उद्घोषणा, निःशुल्क वितरण की पावती प्रदाय का सत्यापन करने संबंधी गतिविधियों की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। अन्न उत्सव के दौरान उचित मूल्य दुकान से संलग्न पात्र परिवारों को उचित मूल्य दुकान एवं पंचायत भवन आदि पर आमंत्रित कर जागरुकता अभियान के तहत की जाने वाली कार्यवाही तथा दुकान पर लगाई जाने वाली सूचनाएं एवं पीओएस की उद्घोषणा, मोबाइल सीडिंग, एसएमएस प्रेषण, पीओएस से पावती का प्रदाय की गतिविधियों से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है।



# मैच के बाद मोहम्मद सिराज के साथ हुई झड़प पर फिल सॉल्ट ने चुप्पी तोड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान विवाद हुआ जब इंग्लैंड के बल्लेबाज फिल साल्ट और भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक दूसरे से भिड़ गए. अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली की पारी के दौरान ओपनिंग पावरप्ले खत्म होने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज सिराज और इंग्लैंड के स्टार साल्ट के बीच तीखी नोकझोंक हुई. मामला आगे बढ़ता देख दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने जब तेज गेंदबाज को शांत करने की कोशिश की तो सिराज ने उनके साथ भी बहस की. इस घटना के बावजूद, साल्ट ने 45 गेंदो पर 87 रन की धमाकेदार पारी खेलकर आईपीएल 2023 के मैच नंबर 50 में विराट कोहली-स्टारर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सात विकेट से हराने में मदद की. मैच खत्म होने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज ने भारतीय तेज गेंदबाज के साथ विवाद के बारे में भी बात की. उन्होंने कहा, मैं अपनी पारी से बहुत संतुष्ट हूं. जाहिर है, एक छोटा सा विवाद हुआ था. जब हम बैंगलोर में थे तब उनके लड़के आखिरी गेम के लिए तैयार थे. तो मैच से पहले की बहुत सारी बातचीत वास्तव में उनके खिलाफ अटैक करने के बारे में थी, जो मुझे लगा कि हमने वास्तव में अच्छा किया है. कुछ शब्द बोले गए थे और थोड़ी बहस थी, लेकिन ज्यादातर लोग इसके लिए तैयार थे, निश्चित रूप से मैं खुद भी तैयार था. सॉल्ट ने 45 गेंदों पर 87 रन की मनोरंजक पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए. 26 साल के साल्ट की अर्धशतकीय पारी के दम पर मेजबान टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी पर 7 विकेट से यादगार जीत दर्ज की. साल्ट को आईपीएल 2023 में बैंगलोर के खिलाफ उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया. उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि अगर आप किसी टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का सामना कई बार करते हैं और आप उस खास लड़ाई को जीत जाते हैं, चाहे वो पहला ओवर हो या कोई भी ओवर जो वो फेंकता है, जो संदेश डगआउट में वापस भेजता है वो शांत है. साल्ट ने आगे कहा, जब ऐसा होता है और आप इसे सफलतापूर्वक (चेज) करते हैं, तो आप देखते हैं कि लोग मिच [मिशेल मार्श] की तरह बाहर आते है. दूसरी गेंद पर छक्का मारते हैं. आप रिले [रोसौव] को बाहर आते देखते हैं और ऐसे बल्लेबाजी करते देखते हैं जैसे वो पहले ही 30 गेंदों का सामना कर चुके हैं. इसके पीछे एक तरह का तरीका है।



# भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। इस दौरे में पांच मैचों की एक सीरीज होगी। भारतीय टीम का ये दौरा 18 मई से 27 मई तक चलेगा। इससे भारतीय टीम को चीन में इसी साल होने होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा। इस दौरे में भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम और उसके बाद अंतिम दो मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ए टीम से खेलेगी। ये सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को होंगे। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलने हैं। अभी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम आठवें स्थान पर जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम तीसरे नंबर पर है। वहीं चीन में एशियाई खेल इसी साल सितंबर अक्टूबर में होंगे। भारतीय टीम के कोच यानेके शोपमैन ने इस दौरे को लेकर उत्साहित हैं उन्होंने कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से हमें यह पता करने में सहायता मिलेगी कि हम दुनिया की शीर्ष महिला टीमों के खिलाफ किस हाल में हैं।'' उन्होंने कहा,'' सबसे अहम बात यह है कि यह सीरीज चीन में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों को देखते हुए बेहद अहम रहेगी क्योंकि इससे हमें यह पता करने में सहायता मिलेगी कि हमें किन विभागों में सुधार और बदलाव करने की जरूरत है। इसलिए यह सीरीज हमारे लिए बेहद अहम होगी।

## डु प्लेसिस ने बताया ,कुछ खराब गेंदें हार का कारण


नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल लीग मुकाबले में मिली हार से निराश रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा है कि कुछ खराब गेंदें फेंकने के कारण उनकी टीम मैच से बाहर हुई। डु प्लेसिस ने कहा, मुझे लगा था कि 185 का स्कोर अच्छा है पर ओस ने स्पिनरों को खेलना आसान बना दिया। इससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। इसके अलावा दिल्ली के बल्लेबाजों ने भी अच्छी बल्लेबाजी कर मैच हमसे छीन लिया। साथ ही कहा कि सभी लोग स्पिनरों पर भरोसा करते हैं पर ओस को देखते हुए सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने की जरूरत होती है। कुछ खराब गेंदें फेंकने और कुछ गलतियां करने से हम मुकाबले से बाहर हो गए। इस मैच में दिल्ली ने अच्छी बल्लेबाजी की।

फाफ ने कहा, हमें अंत में और प्रयास करना चाहिये था। हमें पहले लगा जैसे 185 का स्कोर ठीक है पर हमें वहां एक बड़े ओवर की जरूरत थी जिससे कि हम 200 के स्कोर पर पहुंच पाते। अगर ऐसा होता तो इससे फर्क पड़ता। चौथे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया। महिपाललोमरोर ने भी पांचवें नंबर पर अच्छा खेला। यहां की पिच धीमी रहती है। अगर आप पहले 6 ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो आप शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

इस मैच में दिल्ली ने फिलिप सॉल्ट के 87 रनों की सहायता से 7 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। वहीं आरसीबी ने विराट कोहली, लोमरोर के अर्धशतकों से चार विकेट पर 181 रन बनाए थे। दिल्ली ने कप्तान डेविड वॉर्नर, मिशेल मार्श और रौसौव वह सॉल्ट की शानदार अर्धशतकीय पारी से जीत दर्ज की। इस हार से आरसीबी अब पांचवे नंबर पर खिसक गयी है। ऐसे में उसे प्लेऑफ के लिए बचे हुए सभी तीनों मैच जीतने होंगे।

## मुम्बई पर जीत के बाद बोले रुतुराज, किसी भी पिच पर खेलने तैयार हैं

**चेन्नई (ईएमएस)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम को मिली जीत से उत्साहित होकर कहा कि उनकी टीम किसी भी पिच पर खेलने के लिए तैयार है। रुतुराज ने माना कि इस मैदान पर उनकी टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलता है। ऐसे में वह किसी भी पिच पर खेल सकते हैं। सीएसके ने ने यहां चेपॉक में खेले गए आईपीएल लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया। सीएसके टीम ने इस मैच में मुंबई की टीम को 8 विकेट पर 139 रन पर रोकने के बाद 17.4 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। उन्होंने कहा, '' यहां पिछले दो मैचों में हमें करीबी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। हम जीत से केवल एक दो कदम ही दूरी पर थे। घरेलू हालातों से मिलने वाले लाभ को देखते हुए हम यहां किसी भी पिच पर खेल सकता हैं। वहीं मुंबई के बल्लेबाज नेहाल वढेरा ने कहा कि उनकी टीम इस मैच में 15 से 20 रन और बनाती तो परिणाम अलग होता। आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक लगाने वाले वढेरा ने कहा, ''जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो तेज गेंदबाजों को खेलना कठिन था क्योंकि गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आ रही थी। नई गेंद से दीपक चाहर और तुषार देशपांडे मुझे गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने दो धीमी गेंद फेंकी जो ठीक से नहीं आई। इसलिए मुझे पता था कि पारी को संभालने के लिए मुझे थोड़ा समय लेना होगा।



रंग संसार

# द केरल स्टोरी की सपोर्ट में उतारी कंगना

मुंबई (ईएमएस)। द केरल स्टोरी फिल्म ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही काफी सुर्खियों में है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से केरल में लड़कियों का ब्रेन वॉश करके उन्हें अपने घर परिवार से दूर करके आतंकी बना दिया जाता है। फिल्म मेकर्स का दावा है कि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, इसपर सारा विवाद चल रहा है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फिल्म के बारे में बात की है। अपने बेबाक बयानों से लाइमलाइट में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का भी फिल्म को लेकर रिएक्शन सामने आ गया है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि मैंने अभी तक फिल्म देखी नहीं है, लेकिन मूवी को बैन करने की काफी कोशिश की गई। आज ही मैंने पढ़ा, कि हाईकोर्ट की तरफ से ऐसा बयान आया है कि फिल्म को बैन नहीं किया जा सकता है। मेरे हिसाब से यह फिल्म आइएसआइ के अलावा और किसी के बारे में गलत जानकारी नहीं दे रही है ना? आइएसआइ एक आंतकी संगठन है। इसका ये मतलब नहीं है कि मैं उन्हें आतंकवादी कह रही हूं, हमारा देश, गृह मंत्रालय और भी कई देशों का भी यही मानना है।

कंगना ने कहा कि अगर आपको लगता है कि वहां आतंकी नहीं है, जाहिर तौर पर फिर आप भी आतंकवादी ही है। अगर आपको लगता है कि एक आतंकी आउटफिट, एक टेररिस्ट नहीं है और उन्हें आतंकी घोषित किया गया है, चाहे वहां लीगली, मोरली हर तरीके से हो। अगर आप सोचते हैं कि वहां आतंकी नहीं है, तब इस फिल्म से ज्यादा आप एक बड़ी समस्या है। सबसे पहले आपको यह सोचना होगा कि आप अपने जीवन में कहां खड़े हैं। कंगना ने तंज कसते हुए कहा कि ये सभी बातें मैं उन लोगों के बारे में कर रही हूं जो यह सोचते हैं कि ये फिल्म आइएसआइ को छोड़कर, उन लोगों पर हमला कर रही है।



# सलमान तैयार हुए शेरखान के लिए, ड्रीम प्रोजेक्ट में जुटे सोहेल खान

**मुंबई (ईएमएस)।** सलमान खान अपने भाई सोहेल खान के ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम करने के ?लिए तैयार हो गए हैं। खबर तो यह भी है ?कि इसके ?लिए पूरी टीम तैयारी में जुट गई है। गौरतलब है ?कि सलमान खान सभी सीजन के सुपरस्टार हैं और पिछले कुछ वर्षो में उन्होंने वह मुकाम हासिल किया है जहाँ उनकी फ्लॉप फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। इनमें उनकी ट्यूबलाइट, जय हो, दबंग-3 के साथ हाल ही में प्रदर्शित हुई किसी का भाई किसी की जान शामिल है। हाल ही में सलमान खान ने एक शो में बताया था कि करण जौहर ने अपने निर्देशक विष्णुवर्धन के साथ एक फिल्म के लिए उनसे बातचीत की थी। आदित्य चोपड़ा के साथ भी एक फिल्म की बातचीत चल रही है। यह सब कुछ पिछले दस सालों से हुआ है, पहले कभी इन बड़े बैनरों ने उनके साथ काम नहीं किया है। और अब सलमान खान की एक और फिल्म शेरखान के बारे में चर्चाएँ चल रही हैं। सलमान के एक करीबी सूत्र ने बताया कि उनके छोटे भाई सोहेल खान ने सलमान खान के साथ शेरखान के लिए बातचीत फिर से शुरू कर दी है। शेरखान एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और टीम ने स्क्रिप्ट को फाइनल करने के लिए पूरा समय लिया है। सोहेल सलमान के साथ अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बनाने के लिए उत्साहित हैं और भाई भी जंगल एडवेंचर की तलाश में हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो शेर खान सोहेल और सलमान खान की बनने वाली सबसे बड़ी फिल्म होगी। सोहेल खान इस फिल्म को सलमान खान के साथ वर्ष 2012 में बनाना चाहते थे, लेकिन तब सलमान खान को इस फिल्म की पटकथा सही नहीं लगी थी और उन्होंने सोहेल को पटकथा पर पुन-काम करने को कहा था। उन दिनों भारत में वीएफएक्स की तकनीक इतनी मजबूत नहीं थी। अब भारत में वीएफएक्स पर हो रहे काम को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। सलमान और सोहेल यह अनुमान लगा रहे हैं कि क्या वे अब शेरखान को फिर से देख सकते हैं क्योंकि यह समय हमारे अपने इंडियाना जोन्स बनाने का सही है। सलमान खान की अगली फिल्म टाइगर-3 है जो दीवाली के मौके पर प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान पठान के रूप में कैमियो करते दिखाई देंगे।



## मां हेमा से बिकिनी पहनने के लिए परमिशन मांगते समय डर गई : ईशा देओल

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने खुलासा किया कि बचपन में उन्हें अपनी मां हेमा मालिनी से बहुत डर लगता था। इतना ही नहीं, ईशा ने एक किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा कि साल 2004 में उन्हें उनकी सुपरहिट फिल्म धूम की शूटिंग के दौरान उन्हें बिकिनी पहनने के लिए कहा गया। पहले वह घबरा गई। फिर उन्होंने डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा से एक दिन का समय मांगा। जिसके बाद उन्होंने मां हेमा को सीन के बारे में बताया और बिकिनी पहनने की इजाजत मांगी। परमिशन मांगते वक्त उन्हें इतना डर लग रहा था कि उनके पसीने छूट गए। ईशा ने कहा, यूं तब मां ने मुझे हॉलीडे और स्वीमिंग के दौरान बिकिनी में देखा था। लेकिन, फिर भी मुझे उनसे काफी डर लग रहा था। जब मैंने उनसे परमिशन मांगी तब उन्होंने कहा, हां, क्यों नहीं। तुम जब अपने दोस्तों के साथ बाहर या हॉलीडे पर जाती हो तब बिकिनी पहनती ही हो। फिर फिल्म में क्यों नहीं। लेकिन, एक बात का ध्यान रखना, तुम्हारा बिकिनी वाला शूट बहुत अच्छी तरह होना चाहिए। मां से परमिशन मिलने के बाद ईशा डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा के पास गई। तब आदित्य ने कहा, मैं आपको छह महीने का समय देता हूं। इन छह महीनों में आप खुद को पूरी तरह तैयार कर लो। इसके बाद ईशा ने फिल्म के गाने की शूटिंग की। फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर छा गई। न केवल लोगों को फिल्म पसंद आई बल्कि फिल्म में अपने अभिनय का जादू बिखेरने वालीं ईशा देओल भी पसंद आई।



# अनिल व आदित्य द नाइट मैनेजर के पार्ट-2 को 30 जून को करेंगे रिलीज


**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर का दूसरा पार्ट 30 जून को डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। इस लैविश ड्रामा नाटक को भव्य लोकेशन पर शूट किया गया है और इसमें हाई-ऑक्टेन थ्रिल देखने को मिले वाला है। द नाइट मैनेजर, जॉन ले कैरे के इसी नाम के उपन्यास का हिंदी रूपांतरण है। इस सीरीज में बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर हैं, जो एक हथियार डीलर की भूमिका निभाते हैं। साथ ही आदित्य रॉय कपूर एक अंतरराष्ट्रीय आर्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी खोजने के लिए के लिए सरकार द्वारा लगाए गए एक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। हिंदी वर्जन क्लिफहेंजर के साथ खत्म हुआ और इसके पार्ट-2 को लोग दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं। अनिल कपूर ने मीडिया से कहा कि मैं द नाइट मैनेजर के लिए हमारे प्रशंसकों के दिखाए गए प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं। उनके उत्साह ने हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। मैं हर बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि इस दूसरे पार्ट के ट्विस्ट एंड टर्न देखकर लोगों का रिएक्शन कैसा होता है। इस बार भी आपको शैली अपने उसी अंदाज में नजर आएगा। वेब सीरीज द नाइट मैनेजर- पार्ट 2 का निर्माण और निर्देशन संदीप मोदी और प्रियंका घोष ने किया है। पहले पार्ट को लोगों ने काफी पसंद किया। अब लोगों देखना है कि सेकेंड पार्ट में शैली क्या करता है। उसकी जर्नी में और क्या ट्विस्ट आने वाले हैं। आदित्य रॉय कपूर ने कहा कि ट्विस्ट, रोमांच और तनाव सभी टकराएंगे। द नाइट मैनेजर में शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, रवि बहल और सास्वता चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इससे पहले नाइट मैनेजर का पार्ट-1 ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया था।

















# नए टाइम टेबल से बदल सकता है उत्तर से दक्षिण भारत जाने वाली कई ट्रेनों का रूट

## आधा दर्जन ट्रेन, यात्रा का समय-दूरी होगी कम,जबलपुर-नैनपुर रूट से ट्रेनों को नागपुर ले जाने रूट और दूरी पर अध्ययन शुरू

यश भारत — खास खबर

**कटनी, यशभारत।** उत्तर भारत से कटनी-जबलपुर होकर इटारसी से नागपुर और फिर दक्षिण भारत जाने वाली ट्रेनों की दूरी, सफर का समय कम करने की कवायद तेज हो गई है। इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को नई ब्राडगेज लाइन जबलपुर-नैनपुर-छिंदवाड़ा से होकर नागपुर ले जाया जाना है। इसके लिए रेलवे ने नए रूट पर चलने वाली ट्रेनों से सफर का समय पर इन ट्रेनों की दूरी, सफर का समय, रेलवे ट्रैक की स्पीड, स्टेशन में ट्रेनों के रूकने की व्यवस्था पर अध्ययन शुरू कर दिया है।



रेलवे को यह अध्ययन जुलाई तक पूरा करना है ताकि अगस्त-सितंबर में आने वाले रेलवे के नए टाइम टेबल में इन ट्रेनों को नए रूट और नए समय से चलाया जा सके। वहीं दूसरी ओर इस नए रूट पर ट्रेन की संख्या को पहले चरण में सात से आठ के बीच रखा जाएगा ताकि रेलवे के सिंगल लाइन पर ट्रेनों का दबाव न बढ़े। गौरतलब है कि जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया ब्राडगेज लाइन के साथ नैनपुर-छिंदवाड़ा ब्राडगेज लाइन भी बनकर तैयार है। इस ट्रैक का विद्युतीकरण का काम भी फरवरी में पूरा हो गया है। वही 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री के रीवा-इतवारी और नैनपुर-छिंदवाड़ा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अधिकृत शुभारंभ किया। जिसके साथ ही इस नए रेल रूट का भी अधिकृत शुभारंभ हो गया। अब रेलवे कटनी-जबलपुर से इटारसी-बैतुल होकर नागपुर जाने वाली ट्रेनों को नए रूट पर चलाएगा ताकि यात्रियों को इस रूट का फायदा सीधे तौर पर मिले। इसके लिए जबलपुर रेल मंडल, भोपाल रेल मंडल और नागपुर रेल मंडल तीनों को मंथन करना है।

### नए टाइम टेबल पर चल रहा मंथन

रेलवे ने ट्रेनों के नए टाइम टेबल पर अध्ययन शुरू कर दिया है। इसके लिए पश्चिम मध्य रेलवे समेत देशभर के सभी रेलवे जोन के आपरेटिंग विभाग के अधिकारी इस पर काम कर रहे हैं। जोन के आपरेटिंग विभाग के मुखियों के बीच बैठक का दौर शुरू हो गया है। इसमें सभी जोन अपनी सीमा से गुजरने वाली ट्रेनों की नए रूट, नए समय, कम दूरी और स्टेशन पर ट्रेनों के लिए खाली प्लेटफार्म होने पर चर्चा कर रहे हैं। इस सबके बीच कटनी-जबलपुर-इटारसी-नागपुर रेल रूट की ट्रेनों को जबलपुर-नैनपुर ब्राडगेज से ले जाने पर भी मंथन हो रहा है।

### अभी यह है रूट

कटनी-जबलपुर-इटारसी-बैतूल-नागपुर-दक्षिण भारत, जबलपुर से नागपुर की दूरी-544 किमी, समय-लगभग 12 घंटे अब इस पर है तैयारी जबलपुर-नैनपुर-छिंदवाड़ा-नागपुर-दक्षिण भारत, जबलपुर से नागपुर की दूरी-272 किमीए समय-लगभग 5 घंटे।

### यह होगा फायदा

अभी इस रूट पर दो से तीन ट्रेन चल रही हैं। इस पर छह और ट्रेनों को चलाया जा सकता है। इससे हर दिन लंबे रूट से जाने वाली ट्रेनों में सफर करने वाले लगभग 5 से 6 हजार यात्रियों को फायदा होगा। जबलपुर से नागपुर की दूरी भी आधी हो जाएगी, सफर का समय भी आधा होगा। कटनी-जबलपुर से हर दिन नागपुर इलाज के लिए लगभग एक से डेढ़ हजार लोग ट्रेन, बस और निजी वाहन से जाते हैं, जिन्हें फायदा होगा।

### इन्हें नए रूट से चलाने की संभावना

गाड़ी संख्या 12791/12792 पटना-सिकंदराबाद-पटना एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12295/12296 संघमित्रा एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 05215/05216 यशवंतपुर एक्सप्रेस, अमरावती एक्सप्रेस, सिंकदराबाद एक्सप्रेस, तिरूपति स्पेशल ट्रेन, एर्लाकुलम सुपरफास्ट को नए रूट से चलाया जा सकता है।

### इनका कहना है

जबलपुर-नैनपुर-छिंदवाड़ा ब्राडगेज का फरवरी में ही विद्युतीकरण का काम पूरा हुआ है। वहीं जबलपुर-बालाघाट-गोंदिया ब्राडगेज भी पूरा हो गया है। इसके बनने के बाद इसका फायदा जबलपुर के साथ उत्तर भारत से दक्षिण भारत जाने वाले यात्रियों को होगा। इस रूट पर यात्री ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर मंथन हो रहा है।

-**राहुल श्रीवास्तव,** मुख्य जनसंपर्क अधिकारी

# कटनी कलेक्टर ने उड़ीसा के कलेक्टर और एसपी को लिखा पत्र

## लापता जूनियर इंजीनियर के पिता की फरियाद पर कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** उड़ीसा के मलकानगिरी जिले में कार्य के दौरान हादसे का शिकार हुए कटनी जिले के एक जूनियर इंजीनियर की खोज खबर लेने और आवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिला मलकानगिरी उड़ीसा के कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखा है। लापता जूनियर इंजीनियर के पिता द्वारा कलेक्टर से इस संबंध में गुहार लगाई गई थी। जिस पर कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित जिले के कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखा है। ग्राम पनसोखर तहसील बड़वारा निवासी काशीराम साहू ने कलेक्टर ने बताया था उसका 27 वर्षीय पुत्र कैलाश साहू अप्रेल 2022 से बीके चावला कंस्ट्रक्शन कंपनी में जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत था। उपरोक्त कंपनी द्वारा ग्राम पुटुमपल्ली जिला मलकानगिरी उड़ीसा में ब्रिज निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जहां कार्य के दौरान 9 सितंबर 2022 को उसका पुत्र कैलाश साहू मोटर बोट के किसी पत्थर से टकराने की वजह से हुए हादसे का शिकार हो गया था और सघन खोजबीन के बाद भी अब तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। जिला मलकानगिरी के संबंधित थाने द्वारा कैलाश साहू के संबंध में अब तक कोई स्पष्ट जानकारी मौखिक या लिखित रूप से उसके पिता काशीराम को नहीं दी जा रही है।

# छत से गिरे युवक की मौत

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम कांटी में एक युवक की ऊंचाई से गिरने के कारण इलाज दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कांटी निवासी इंद्र कुमार पिता जगन्नाथ कोल छत से गिरकर घायल हो गया था। इंद्र कुमार की जबलपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# दुर्गा चौक से बाइक चोरी

**कटनी, यशभारत।** एनकेजे थाना अंतर्गत अज्ञात बदमाश ने एक बाइक पार कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलम बारात घर दुर्गाचौक से सुशील कुमार साहू निवासी शिवाजी नगर थाना कुठला की अज्ञात बदमाश ने बाइक पार कर दी है। शिकायत पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# किशोर पर चाकू से जानलेवा हमला

## रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में फिर हुई वारदात

**कटनी, यश भारत।** रंगनाथ थाना क्षेत्र में एक बार फिर चाकूबाजी की घटना प्रकाश में आई है। शनिवार देर शाम जब जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में पुलिस फ्लैग मार्च निकालकर अपराधियों के हौसले पस्त करने के प्रयास कर रही थी, ठीक उसी वक्त अपराधियों ने रंगनाथ थाने की पुलिस व्यवस्था को तार-तार करते हुए एक युवक को घर से उठाकर उसकी बेरहमी से पिटाई करते हुए उसे चाकू मार दी। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक भारत चौक झर्रा टिकुरिया निवासी प्रेम वर्मा नामक युवक को शनिवार शाम लगभग साढ़े 7 बजे क्षेत्र के ही अंकित



पाठक, दद्दा उर्फ ऋषिकेश, आशु मेहतेल, अरुण बर्मन, अनुराग बडगैयां घर से बुलाकर ले गए। रंगनाथ थाना क्षेत्र के बाबा घाट की तरफले जाकर उक्त पांचों आरोपियों ने प्रेम को पहले तो बेरहमी से पीटा उसके बाद उसके पेट और पीठ में चाकू मार दी। घायल युवक के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुराने विवाद के कारण दद्दा उर्फ ऋषिकेश उसके चार अन्य नाबालिग साथियों ने चाकू मारने के साथ ही गोली भी चलाई है। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना मिलने के बाद भी पुलिस घटनास्थल पर नहीं पहुंची। परिवार वाले ही घायल युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उसका इलाज शुरू कराया। वहीं दूसरी तरफ घटना के विषय में चर्चा करते हुए रंगनाथ थाना प्रभारी नितिन कमल ने कहा कि शनिवार शाम दद्दा उर्फ ऋषिकेश और उसके चार अन्य साथियों ने प्रेम पर चाकू से वार किया है गोली चलाने जैसी कोई घटना प्रकाश में नहीं आई है। इस घटना में प्रेम का दोस्त एजाज अहमद भी बीच बचाव करने में घायल हुआ है। पुलिस में सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 506, 427, 147, 148, 149 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

# भीड़ बढ़ते ही स्टेशन में दम तोड़ने लगी यात्री सुविधाएं

## जरूरतमंदों को नहीं मिल रही व्हीलचेयर-स्ट्रेचर



**कटनी, यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण रेल जंक्शन कटनी स्टेशन पर गर्मी में सफर करने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ते ही यात्री सुविधाएं दम तोड़ने लगी हैं। स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर दिव्यांग और मरीजों को व्हील चेयर या स्ट्रेचर नहीं मिल पा रहे हैं जबकि स्टेशन प्रबंधन जरूरतमंदों को ये सुविधाएं मुफ्त देता है। जानकार कहते हैं कि प्लेटफॉर्म पर स्ट्रेचर या व्हीलचेयर लेने के लिए अटेंडेन्ट को अपनी आईडी जमा करनी होती है या फिर कुली के जरिए यह सुविधा मिल पाती है। जिससे दूर-दराज से आने वाले यात्री यह सुविधा नहीं ले पा रहे हैं और उसकी जगह गोद में उठाकर ट्रेनों तक पहुंच रहे हैं। हाल ही में दो दिन पहले प्लेटफॉर्म पर अस्पताल से छुट्टी के बाद मरीज को उसके परिजन वापस घर ले जा रहे थे। इस दौरान परिजनों ने व्हीलचेयर लेने की कोशिश की तो उन्हें कुली लाने को कहा गया था। परिवार कुली लाने में सक्षम नहीं हो सका। अंततः ट्रेन के समय परिजनों ने दोनों पांव में प्लास्टर लगे मरीज को गोद में उठाकर जैसे-तैसे ट्रेन के डिब्बे तक ले गए।

**दिव्यांग व मरीजों को गोद में लेकर ट्रेन तक पहुंचा रहे परिजन**

# बड़वारा पुलिस की कार्रवाई

# महिला से अवैध वसूली करने वाले कथित पत्रकारों पर मामला दर्ज

**कटनी, यशभारत। अवैध वसूली करने के आरोप में बड़वारा पुलिस ने चार कथित पत्रकारों के खिलाफएफआइआर दर्ज की है। आरोपियों पर महिला से दस हजार रुपए की अवैध वसूली करने का आरोप है।**

उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते ने बताया कि बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कांटी निवासी प्रेम बाई ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी थी कि एक माह पूर्व में कुछ पत्रकारों ने मेरे घर आकर गांजा बिक्री का आरोप लगाते हुए मुझसे दस हजार रुपयों की ठगी की थी। आज फिर बंटी नामदेव नामक व्यक्ति ने अपने आप को पत्रकार बताते हुए पैसे की मांग की है। महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बंटी नामदेव को थाने लाकर पूछताछ की गई तो आरोपी ने घटना को स्वीकार कर बताया कि पूर्व में सुमित जायसवाल, नरेश बजाज, मनोज परिहार के साथ मिलकर महिला से दस हजार की ठगी की थी। सभी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207



सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

डॉ. संदीप निगम
एमबीबीएस एमडी न्यूरो साइक्येट्री
पूर्व चिकित्सक बंसल हॉस्पिटल चिरायु मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज
मस्तिष्क मनोरोग, मिर्गी, सिर दर्द, माइग्रेन, नशा मुक्त, चक्कर आना, लकवा याददाश्त व अन्य रोग स्पेशलिस्ट न्यूरो साइकेटरिस्ट
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वानी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी, कटनी, मो. 6265886220

अस्पताल में कार्य करने हेतु स्टाफकी आवश्यकता है
1. जूनियर ड्यूटी डॉक्टर
2. नर्सिंग स्टाफ
3. लैब टेक्नीशियन
4. वार्ड बॉय
5. सिक्योरिटी गार्ड
6. सफाई कर्मचारी
डॉ. अनमोल चौदहा
एमडी (शिशु रोग) एफ.आई.एन. (बाम्बे) पी.जी.पी.एन. (बोस्टन, यू.एस.ए.) फेलोशिप इन न्योनेटालाजी नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ वाडिया हॉस्पिटल, बाम्बे
जी.डी. मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
संपर्क:-फोन- 07622-494511, मो. 9893723087




डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274



आवश्यकता है
टैली ऑपरेटर (अनुभवी) महिला या पुरूष- 1-पद
सेल्समैन 6-पद, मैकेनिक 4-पद, हेल्पर 4-पद, चपरासी -2 पद
स्थान :- आयशर वर्कशॉप चौरसिया मैरिज गार्डन के सामने एन.एच.7 मैहर रोड कुठला कटनी पिन-483501
फोन-8770038387, व्हाट्सएप-8878838502

अब बार-बार लाइट जाने से छुटकारा
9 वॉट इन्वर्टर बल्ब उपलब्ध है।
एलईडी बल्ब, ट्यूबलाईट, पंखे 50 वॉट (कॉपर वाइंडिंग)
2 साल की वारंटी सहित मिलने का एकमात्र स्थान
एलईडी हाउस
संपर्क - वेंकट खंडेलवाल जयदयाल रोड सुभाष वार्ड कटनी
मो.9893009212




संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

SGAT Johnson Pedder SETMAX CERAMIC AVENUE
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.),
मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)